नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 238 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 23 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर रतनपुर को मिल रही अतिक्रमण से निजात तहसीलदार शिल्पा भगत...



उज्जवल यादव के एकादशकर्म में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल पेज -8 पर

# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का 90 प्रतिशत पैसा मोदी सरकार ने दिया -अमित शाह

भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भिलाई को लघु भारत का रूप माना जाता है।

ऐसा कोई प्रांत नहीं है, जहां के लोग यहां नहीं बसते हैं। छत्तीसगढ़ के सीएम को कहना चाहता हूं कि आपके शासन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। यहां प्रभु श्री राम का ननिहाल है और यहां से रामगमन पथ भी जाता है। मैं सबसे पहले श्री राम को प्रणाम करता हूं।अमित शाह ने पूछा, यहां किसकी सरकार बनेगी तो जनता ने कहा, भाजपा की। फिर पूछा 2024 में राहुल गांधी या मोदी कौन प्रधानमंत्री बनेगा, तो जनता की ओर से आवाज आई मोदी जी।

आतंकियों ने उरी में हमला किया, 10 ही दिन में मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक करवा कर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मार गिराया।





धारा 370 हटाने पर कांग्रेस नेता कहते थे कि कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। राहुल बाबा धारा 370 हट गई लेकिन कश्मीर में किसी की कंकर फेंकने की हिम्मत भी नहीं हुई।

### कांग्रेस 70 साल से अयोध्या राम मंदिर निर्माण अटका रही थी

छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है, प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में बनना चाहिए या नहीं। ये कांग्रेस सरकार 70 साल से इसे अटका रही थी। एक दिन मोदी जी ने जाकर मंदिर का भूमिपूजन कर दिया और प्रभु श्री राम को सम्मान के साथ उनके जन्म स्थान पर विराजमान करने का काम किया।

विदेश में मोदी-मोदी के जो नारे लगते हैं ये प्रधानमंत्री या भाजपा के लिए नहीं लगते। ये छत्तीसगढ़ के लोगों और देश की जनता के सम्मान में लगते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार वादाखिलाफी करने वाली सरकार है, शराबंदी की बात कही थी वो नहीं की।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, 9 साल के अंदर मोदी जी ने ढेर सारा परिवर्तन किया है। सोनिया-मनमोहन की सरकार 10 साल चली। इन 10 वर्षों में घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार ही हुए। कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया था। मोदी जी ने 9 वर्ष के शासन के दौरान इतनी पारदर्शी सरकार चलाई कि विपक्ष भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकता।

राहुल गांधी कहते थे कि कश्मीर से धारा-370 मत हटाओ, वरना खून की नदियां बह जाएंगी। राहुल बाबा, कश्मीर से धारा-370 हट गई और किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई।

मोदी जी ने 9 साल के अंदर देश को सुरक्षित करने का काम किया है। श्री नरेन्द्र मोदी जी के 9 साल... भारत गौरव, गरीब कल्याण और भारत के उत्कर्ष के 9 साल हैं।

अमित शाह ने अपने भाषण में आगे कहा कि, यहां कांग्रेस सरकार ने शराब घोटाला, कोयला घोटाला, गोठान घोटाला किया, कोरोना सेस लगाया मगर खर्च नहीं किया। इतने घोटाले करने वाली सरकार को क्या फिर से चुनना चाहिए। छत्तीसगढ़ में एक हजार से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की, 5 हजार से ज्यादा रेप के केस छोटे से राज्य में दर्ज हुए, सीएम बघेल जी आपको शर्म आनी चाहिए।

### पद्मश्री उषा बारले के घर पहुंचे अमित शाह

*अमित शाह ने एयरपोर्ट पर भाजपा के बड़े नेताओं से चर्चा की। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री शाह दुर्ग के लिए रवाना हो गए। यहां केंद्रीय मंत्री शाह का काफिला सीधे पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले के सेक्टर-1 भिलाई स्थित घर पहुंचा। पंडवानी गायिका बारले ने अमित शाह का भव्य स्वागत किया। अमित शाह उषा बारले के निवास पर पांच मिनट रुके। यहां शाह ने खुरमी, ठेठरी और अनरसा खाकर दुर्ग के लिए रवाना हो गए। उषा बारले ने मीडिया से चर्चा में कहा, कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है। विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। समर्थकों से कहा, भाजपा टिकट देगी तो जरूर लड़ूंगी।*



*छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का 90 प्रतिशत पैसा मोदी सरकार ने दिया है। धान खरीदी का सिस्टम भी डा रमन सिंह ने बनाया था। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी पूरा जोर लगा रही है, राहुल बाबा को प्रधानमंत्री बनाने के लिए। मैं देशभर में दौरा कर रहा हूं ये मेरा 17 वां राज्य है। आज आपसे भी पूछता हूं 2024 में देश का प्रधानमंत्री कौन बनेगा। जनता की ओर से मोदी-मोदी की आवाज आई। छत्तीसगढ़ में किसकी सरकार बनेगी तो आवाज आई भाजपा की।*

छत्तीसगढ़ कोयला घोटाले में ई डी की कार्यवाही

# दिल्ली कोर्ट का 152 करोड़ 31 लाख की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

## आई ए एस रानू साहू की बढ़ी परेशानी




रायपुर। छत्तीसगढ़ में अवैध कोल लेवी मामले का विवाद दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है, मामले में कुल 221 करोड़ रुपये की अटैच की गई अवैध संपत्तियों में से 152 करोड़ 31 लाख की कुर्की पर न्यायालय की लगी मुहर।

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी (ED) के द्वारा की गई एक बड़ी कार्रवाई पर नई दिल्ली स्थित ईडी की कोर्ट ने मुहर लगाते हुए छत्तीसगढ़ से जुड़े अवैध तौर पर कोल लेवी वसूली भ्रष्टाचार मामले में 152 करोड़ साढ़े 31 लाख करोड़ की कुर्की का आर्डर जारी कर दिया है , यानी इसे आसान भाषा में ऐसा कह सकते हैं की की ईडी द्वारा करीब 221 करोड़ रुपये का अटैचमेंट किया था , उसमें दिल्ली स्थित ईडी की कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए सभी 91 चल -अचल संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया है।



### अन्य चल-अचल संपत्तियों पर भी कार्रवाई भी जल्द ही ...

जांच एजेंसी के मुताबिक बाकी की अटैच की हुई चल-अचल संपत्तियों पर भी कार्रवाई भी जल्द ही होने वाली है । जांच एजेंसी ने औपचारिक तौर पर इस मामले की जानकारी देते हुए बताया है कि कोल लेवी और अवैध तौर पर वसूली मामले में, जिस तरह से मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की तफ्तीश की जा रही है , उसी के तहत ये कार्रवाई हुई है और 91 से ज्यादा अचल संपत्तियों को अटैच किया है , जिसका सरकारी मूल्य करीब 151 करोड़ 31 लाख रुपये है । हालांकि आज के दौर में इन संपत्तियों के बाजार मूल्य की बात करें तो इसकी कीमत कई गुना होगी ।

कांग्रेस ने कर्नाटक में अपनी सत्ता आने के बाद कोल स्कैम में फंसे अपने लोगों पर से कई धाराएं हटवा दी थीं। इसके बाद बीजेपी शासित राज्य मध्यप्रदेश में इसी प्रकरण में एक नया अपराध दर्ज किया गया। आने वाले समय में ईडी की कार्यवाही में और तेजी आने के आसार है। अब क़ानूनी और राजनीतिक लड़ाई दोनों पक्षों के बीच तेज़ होगी। बहरहाल ये लड़ाई अभी थमने के आसार नहीं हैं। देखना ये है कि बाजी कौन मारता है ।

# छत्तीसगढ़ में बरसें बादल

## रायपुर, रायगढ़, बस्तर सहित कई जिलों में आने वाले दो-तीन दिन तक अंधड़ के साथ हो सकती है बारिश

रायपुर। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बारिश हुई। देर रात तक हुई बारिश की वजह से अब गुरुवार को मौसम में ठंडक का अहसास हो रहा है। गर्मी और लू से हल्की राहत भी लोगों ने महसूस की है। मौसम विभाग से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक 23 और 24 जून को भी कई जिलों में बारिश और तेज आंधी चलने की संभावना बनी हुई है। आने वाले 2 से 3 दिनों में प्रदेश के बहुत से हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है। इनमें रायपुर, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, जांजगीर, रायगढ़, कोरबा, बीजापुर बस्तर संभाग के जिले भी शामिल हैं। बलरामपुर सरगुजा में भी बारिश के आसार जताए गए हैं । इन सभी जिलों में गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को भी बारिश हो सकती है।



### हल्की आंधी भी आएगी

मौसम विभाग की ओर से जारी की गई चेतावनी के मुताबिक गुरुवार को सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा के कुछ जिलों समेत कबीरधाम, बेमेतरा, रायपुर, महासमुंद रायगढ़, कोंडागांव में बादल घिरते दिखेंगे, और तेज हवाएं, अंधड़ चलेगी।

# भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से आग तरह फैली विधायक के निधन की खबर, डॉक्टरों ने बताया हालत नाजुक

भिलाई। वैशाली नगर से विधायक विद्या रतन भसीन की हालत काफी गंभीर है। विद्यारतन भसीन का इलाज राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में चल रहा है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। आज दोपहर बाद उनकी हालत एकदम से गंभीर हो गई। इसी दौरान उनके निधन की खबर फैल गई। सीएमओ ने भी ट्वीट कर दिया, हालांकि बाद में ये खबर अफवाह निकली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनकी गंभीर हालत पर ट्वीट कर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा कि विधायक विद्यारतन भसीन की हालत काफी नाजुक है, वरिष्ठ डॉक्टरों की देखरेख में इलाज जारी है। ईश्वर उन्हें लंबी उम्र दे, हम ऐसी कामना करते हैं।




दोपहर बाद विधायक भसीन का इलाज कर रहे डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन की तरफ से उनका हेल्थ बुलेटिन जारी किया गया। इसके बाद प्रदेश भाजपा के साथ ही सभी नेताओं ने अपना-अपना ट्वीट हटा लिया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सोशल मीडिया में भसीन के निधन की चल रही सूचनाएं गलत हैं। उल्लेखनीय है कि आज दोपहर में ही कई नेताओं ने ट्वीट करके भसीन के निधन की जानकारी देते हुए शोक संवेदना व्यक्त कर दिया था। प्रदेश भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी भसीन के निधन का ट्वीट किया गया था। इसकी वजह से सोशल मीडिया में उनके निधन की खबर तेजी से फैल गई है।

## एक नजर

### सीएम बघेल ने राम भक्तों की ओर से शाह का किया स्वागत



#### विनम्र निवेदन है यह मांग कर दें पूरी

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को छत्तीसगढ़ के दुर्ग -भिलाई पहुँचे थे । शाह के इस दौरे को लेकर कांग्रेस की तरफ से एक दिन पहले ही बयानों के तीर छोड़े जा रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी छत्तीसगढ़ आ रहे शाह के सामने एक मांग रख दी है। शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने एक ट्वीट किया है। इसमें बघेल ने शाह का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया है। बघेल ने लिखा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में सभी राम भक्तों और प्रदेशवासियों की ओर से स्वागत है। बघेल ने आगे लिखा है कि साथ ही विनम्र निवेदन करता हूं कि आज ही रामायण और प्रभु की छवि बिगाड़ने वाली फिल्म आदिपुरुष को बैन करने की घोषणा करें।

### रायपुर के सभी वार्डों में आज से बन रहा आयुष्मान कार्ड

रायपुर । नगर निगम के सभी 70 वार्डो में आज से 24 जून तक आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। वार्डों में चल रहे इस शिविर में नागरिक अपना आधार कार्ड लेकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

निगम सूत्रों ने बताया कि आज 22 जून से 24 जून तक सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु नागरिको को सुविधा की दृष्टि से वार्डवार शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# नशा मुक्ति की मुहिम के लिए कार्ययोजना तैयार पर मंथन

## विशेषज्ञों ने कहा नशा मुक्ति के लिए शासन के साथ ही सामाजिक

रायपुर। विशेषज्ञों ने कहा नशा मुक्ति के लिए शासन के साथ ही सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता जरूरीनशा मुक्ति के लिए छत्तीसगढ़ सरकार अन्य राज्यों से कर रही है बेहतर कार्य- डॉक्टर यतन पाल बल्हारा



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य में जल्द ही नशा मुक्ति अभियान चलाए जाएगा। नशा मुक्ति के लिए व्यापक जनजागरण अभियाण और इस कार्य में सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सहित विभिन्न पहलुओं पर कार्ययोजना तैयार करने के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा आज राजधानी स्थित एक निजी होटल में नशा मुक्ति से संबंधित परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली की सुश्री स्वरानंदा, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि श्री उरया नाग और यूनिसेफ के प्रतिनिधि श्री पंकज नायर के साथ ही एम्स के प्रोफेसर डॉ. यतन पाल बल्हारा सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान से सामाजिक संस्थाओं को जोड़ने और लोगों में जन जागरूकता के लिए नोडल एजेंसी गठन कर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। नशा मुक्ति अभियान के लिए कार्य योजना तैयार करने आहुत की गई। इस बैठक में एम्स के प्रोफेसर डॉ. यतन पाल बल्हारा ने कहा कि नशामुक्ति के लिए जन साधारण तक पहुंचने के लिए बड़े पैमाने पर लोगों से जुड़ना जरूरी है।

### खड़ी ट्रक से टकराई कार, एक बच्ची सहित महिला की मौत, चार घायल



बालोद। बालोद जिले में गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन साल की बच्ची और उसकी बड़ी मां शामिल हैं। जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। उन्हें गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया है। हादसा तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने के चलते हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क के दूसरी ओर पहुंच गई। कार में सवार सभी लोग रायपुर के रहने वाले हैं। हादसा गुरुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, रायुपर के मोवा निवासी पंजाबी परिवार गुरुमुख सिंह, महिंदर पाल, हरप्रीत सिंह, रंजीत सिंह, तीन साल की बच्ची गुरलीन कौर और उसकी बड़ी मम्मी 32 वर्षीय कुलदीप कौर सभी लोग एक कार में सवार होकर गोविंदपुर गए थे।

**राजनीति...** भूपेश ने 2018 विधानसभा चुनाव में इस सीट पर हार को बड़ी क्षति बताया, कहा- इस साल करेंगे भरपाई

# सीएम बोले- कोटा सीट इस बार कांग्रेस जीतेगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को अमरकंटक के अरंडी गुफा में स्नान और पूजा-पाठ के बाद हेलीकॉप्टर से रायपुर के लिए रवाना हो गए। वे 21 मई को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिले से सटे अमरकंटक पहुंचे थे। यहां उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कोटा विधानसभा सीट पर कांग्रेस की हार बहुत बड़ी क्षति रही है, लेकिन इस साल होने वाले चुनाव में हम इसकी भरपाई करेंगे।




सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि इस बार कोटा विधानसभा सीट कांग्रेस के खाते में ही आएगी। बता दें कि यहां से JCCJ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु जोगी विधायक हैं। डॉ रेणु जोगी ने कांग्रेस के टिकट पर 2008 और 2013 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की, वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी से चुनाव लड़ा और विजयी रहीं। इसके अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमरकंटक में नर्मदा मंदिर परिसर के बाहर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मैं हर साल मां नर्मदा के दर्शन करने आता हूं। इस बार भी छत्तीसगढ़ की खुशहाली और प्रदेश में अच्छी बारिश हो, इस कामना के साथ मां के दरबार में आया हूं। मुख्यमंत्री ने फिल्म आदिपुरुष के बारे में बात करते हुए बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और श्री हनुमान की जो छवि जनता के मन में है, बीजेपी ने इस फिल्म के माध्यम से उसे बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया है। यदि ऐसा नहीं होता, तो फिल्म में जिस तरह भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया है, उसका खंडन भाजपा की ओर से किया गया होता। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा को ना तो श्रीराम से मतलब है और ना तो हनुमान से, उन्हें सिर्फ अपने व्यवसाय और वोट बैंक से मतलब है। छत्तीसगढ़ में आदिपुरुष को राज्य सरकार की ओर से बैन किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह क्यों बैन करेंगे? फिल्म को यदि रोकना ही था, तो भाजपा सरकार को रोकना था, जो केंद्र में बैठी हुई है।





# राजधानी में सीए के घर और दफ्तर पर आयकर विभाग का छापा

## सोलर प्लांट का सरकारी सप्लाई बिजनेस करता है परिवार




रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयकर विभाग की टीम ने फिर से दबिश दी हैं। राजधानी रायपुर में एक चार्टेड अकाउंटेंड के घर और कार्यालय में छापा मारा है। गुरुवार सुबह से आयकर विभाग की ये कार्रवाई जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम चार्टेड अकाउंटेंड सतेंद्र जैन के तेलीबांधा स्थित ऐश्वर्या रेसीडेंसी स्थित निवास और कार्यालय में पहुंचकर कार्रवाई कर रही है।

बताया जा रहा है कि चार्टेड अकाउटेंड सतेंद्र जैन का बेटा विपुल जैन और बेटी ऋृजु जैन के नाम सोलर प्लांट का सरकारी सप्लाई का बिजनेस है। बता दें कि यूपी, दिल्ली और कोलकाता सहित देश के 50 से अधिक जगहों पर आयकर विभाग ने रेड मारी है।

# कितनी सफल होगी विपक्षी एकता, कई कमजोर बिंदुओं के साथ बहुत कठिन है 2024 का रास्ता

*कांग्रेस को समायोजित करने के लिए पटना में विपक्षी दलों के सम्मेलन का समय 12 जून से बदलकर 23 जून कर दिया गया। समय परिवर्तन के कारण जो भी रहे हों, लेकिन 12 जून कांग्रेस के लिए कई असहज यादें लेकर आता है-और हो सकता है कि विपक्ष द्वारा उन्हें उकसाया गया हो। गौरतलब है कि वर्ष 1975 में इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को तिहरी मार झेलनी पड़ी थी- जिसने भारतीय राजनीति की दशा और दिशा बदल दी।*

उस दिन की शुरुआत श्रीमती गांधी को एक व्यक्तिगत क्षति के साथ हुई- उनके विश्वासपात्र और करीबी सलाहकार डीपी धर (दुर्गा प्रसाद धर) की मृत्यु हो गई, जो उनके करीबी अधिकारियों के समूह कश्मीरी माफिया के सदस्य और नेता थे। धर तब मास्को में राजदूत के रूप में तैनात थे और श्रीमती गांधी ने उन्हें परामर्श के लिए दिल्ली बुलाया था। उनके अंतिम संस्कार के तुरंत बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह दूरगामी फैसला आया, जिसने उनके चुनाव को रद्द कर दिया था। और शाम को खबर आई कि कांग्रेस गुजरात का चुनाव विपक्षी दलों के समूह (जनता पार्टी) से हार गई, जिसने बाद में 1977 में उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया। उसके ठीक तेरह दिन बाद 25 जून को इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर जनता के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया, प्रेस सेंसरशिप की शुरुआत की और प्रमुख विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। यह कुछ ऐसा था, जिसने पार्टी को और नीचे गिरा दिया। इसलिए 12 जून से कांग्रेस के साथ-साथ अन्य विपक्षी पार्टियां भी असहज महसूस कर रही हैं।

तब से गंगा में बहुत पानी बह चुका है। कांग्रेस अब वह ताकत नहीं रही, जो पहले हुआ करती थी। और वही पार्टियां, जो इसके खिलाफ तब एकजुट हुई थीं, आज 2024 में भाजपा के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ने की तैयारी के लिए इससे जुड़ना चाह रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी 23 जून को पटना में विपक्षी सम्मेलन में शामिल होने जा रहे हैं। कांग्रेस के बिना भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता पूरी नहीं होती है, यह कई क्षेत्रीय दल मानते हैं। पटना का यह सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि



इसमें 21 विपक्षी पार्टियां शामिल हो रही हैं, ऐसा अतीत में भी हुआ है, बल्कि इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस बार इसमें वे लोग भी शामिल होंगे, जिन्होंने पहले कांग्रेस को लेकर आपत्तियां जताई थीं, हालांकि सभी मतभेदों को सुलझाया नहीं जा सका है। गैर-भाजपा दलों को 2019 में 62 फीसदी वोट मिले थे। विपक्षी नेताओं को मालूम है कि 2024 में जहां तक संभव हो, अधिक से अधिक लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक संयुक्त प्रत्याशी खड़ा किया जाए। यही उनका मंत्र, कार्यक्रम और एजेंडा होना चाहिए। वास्तव में और कुछ मायने नहीं रखता। लेकिन अच्छे इरादों के बावजूद ऐसा कहना आसान है, करना मुश्किल। अगर पार्टियों में मतभेद होता है, तब तो यह और भी मुश्किल है। स्पष्ट रूप से, विपक्ष को भाजपा द्वारा अपनाई जा रही रणनीति से अलग रणनीति अपनानी होगी, जो उसे बड़ी जीत दिलाएगी। जाहिर है, विपक्षी दलों को फूंक-फूंककर कदम रखना होगा। मसलन, भाजपा के पास मोदी के रूप में एक शक्तिशाली और लोकप्रिय नेता है। विपक्ष के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं है, जो मोदी को टक्कर दे सके और अधिकांश दलों को स्वीकार्य हो-निश्चित रूप से चुनाव से पहले तो नहीं ही। यही विपक्ष का कमजोर बिंदु है। हालांकि राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा से काफी लोकप्रियता हासिल की है, पर कई क्षेत्रीय दलों को वह स्वीकार्य नहीं होंगे। इसलिए विपक्ष को अपनी कमजोरियों को उजागर करने के बजाय अपनी ताकत का इस्तेमाल करना होगा। यदि उन्हें सरकार बनाने लायक सीटें मिलती हैं, तो चुनाव के बाद नेता चुना जा सकता है। चुनावों के दौरान लोगों की आर्थिक कठिनाइयों को मुद्दा बनाने से फर्क पड़ सकता है, हालांकि भाजपा के पास भी कई चालें होंगी। उसके पास लोगों को लुभाने के लिए कई चीजें हैं, जैसे नौ-10 सितंबर को दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के जरिये वह यह साबित कर सकती है कि भारत विश्वगुरु बन रहा है और दुनिया के तमाम नेता इसके दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। या जनवरी, 2024 में अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन, जो भाजपा की सांस्कृतिक परियोजना पर जोर देता है। लोकसभा चुनाव में तीन तरह के निर्वाचन क्षेत्र हैं- करीब 200 सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है, दूसरी ऐसी सीटें हैं, जहां क्षेत्रीय दलों का मुकाबला भाजपा से है और तीसरे वर्ग में वैसी बहुत-सी सीटें हैं, जहां कांग्रेस के खिलाफ क्षेत्रीय पार्टियां हैं। एनसीपी जैसी पार्टियां गुजरात या कर्नाटक जैसे राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ उम्मीदवार न उतारकर मदद कर सकती हैं, जहां वे असली खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि %वोट कटवा% बन सकती हैं। और कांग्रेस उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में क्षेत्रीय दलों की मदद कर सकती है, जहां उसका सफाया हो चुका है। तीसरी श्रेणी आसान लग सकती है, जहां वामपंथी और कांग्रेस एक-दूसरे से मुकाबला कर रहे हैं, जैसा कि केरल में, लेकिन यहां सहमति बनाना सबसे मुश्किल साबित होगा। हालांकि ममता बनर्जी और अखिलेश यादव अपने सूबे में कांग्रेस के साथ गठजोड़ करने को लेकर शांत हैं, यह मुसलमानों का बदलता मिजाज है, जो इन दलों को फिर से कांग्रेस से जुड़ने के लिए प्रेरित कर सकता है। हाल के महीनों में अल्पसंख्यकों ने कांग्रेस को वोट देने का रुझान दिखाया है। अल्पसंख्यक वोट तभी बंट सकते हैं, जब कि सपा व कांग्रेस और तृणमूल व कांग्रेस के बीच मजबूत गठबंधन न हों।

नीरजा चौधरी

## संपादकीय

### बड़े बदलाव की जरूरत

भारत में अंग प्रत्यारोपण जीवित डोनरों के जरिए संभव हो पाता है। लेकिन मृत अंगदाताओं के अंग प्रत्यारोपण के मामले देश में बहुत ही पीछे है। इस कारण अनेक ऐसी जानें चली जाती हैं, जिन्हें बचाया जा सकता था। भारत में अंगदान की मांग उपलब्धता की तुलना में बहुत ज्यादा है। कारण देश में अंगदान करने वाले लोगों की भारी कमी है। प्रति दस लाख आबादी में सिर्फ एक व्यक्ति ऐसा होता है, जो मरने के बाद अपने अंगदान का वसीयत करता है। यह संख्या अमेरिका और स्पेन जैसे देशों की तुलना में बहुत कम है, जहां डोनरों की दर दुनिया में सबसे ऊंची है। वहां यह दर प्रति दस लाख लोगों पर 40 है । जबकि भारत में अंग प्रत्यारोपण की जरूरत बड़ी संख्या में मरीजों को पड़ती है। अंग ना मिलने के कारण कई मरीजों की मौत हो जाती है। डॉक्टर और प्रत्यारोपण विशेषज्ञों के मुताबिक अंगदाताओं कमी के कारणों में जागरूकता की कमी, प्रत्यारोपण से संबंधित गलत मान्यताएं और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में अंग प्रत्यारोपण जीवित डोनरों के जरिए संभव हो पाता है। गौरतलब है कि अमेरिका के बाद भारत दुनिया में जीवित डोनर ट्रांसप्लांट करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश है। लेकिन मृत अंगदाताओं के अंग प्रत्यारोपण के मामले देश में बहुत ही पीछे है। यह भी एक प्रमुख समस्या है कि अंगदान करने के इच्छुक लोग मिल भी जाएं, तो सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं के लिए जरूरी उपकरण मौजूद नहीं हैं।

# भारत में समान नागरिक संहिता, मोदी सरकार के लिए कितनी बड़ी है चुनौती?

*उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कानून का मजमून तैयार करने के लिए गठित रंजना देसाई कमेटी का दिल्ली में 22वें विधि आयोग से मिलना ही था कि आयोग ने भी अन्य विषयों को पीछे छोड़कर तत्काल समान नागरिक संहिता पर पहल शुरू कर दी। इधर, सवाल यह उठता है कि क्या इतनी विविधताओं वाले भारत देश में समान नागरिक संहिता व्यवहारिक है? अगर व्यवहारिक होती तो संविधान सभा इस मुद्दे को नीति-निर्देशक तत्वों में नहीं डालती? अगर इतना आसान होता तो धारा 370 के सफाए से पहले ही देश में यह कानून आ जाता।*

आयोग ने फिलहाल इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर रायशुमारी शुरू कर दी है। इधर, विधि आयोग द्वारा आनन-फानन में समान नागरिक संहिता को लेकर आगे बढ़ने से यही संकेत मिलते हैं कि आयोग जल्दी ही इस विषय पर अपनी सकारात्मक राय दे देगा और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही देश में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी, चाहे उसका कानूनी या संवैधानिक नतीजा जो भी हो। दरअसल, एक बार कानून लागू होने के बाद केन्द्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार गर्व के साथ दावा कर सकेगी कि उसने कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद राम मंदिर का निर्माण भी करा दिया और तीसरा महत्वपूर्ण संकल्प समान नागरिक संहिता को भी व्यवहारिक धरातल पर उतार




दिया। अगर कानून को अदालत में चुनौती दी गई तो भी उसका राजनीतिक लाभ यह कहकर उठाया जा सकता है कि हमने तो वायदा पूरा कर दिया मगर विरोधी ऐसा नहीं चाहते हैं।

### केन्द्र के लिए धामी सरकार की कसरत

मोदी सरकार के ही कार्यकाल में गठित 21वां विधि आयोग साफ कह चुका था कि समान नागरिक संहिता की न तो जरूरत है और ना ही वह वांछनीय है। इस स्पष्ट टिप्पणी के बाद भी अगर 22वां आयोग इस विषय को प्राथमिकता दे रहा है तो समझा जा सकता है कि इसमें आयोग से ज्यादा केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की रुचि है। जाहिर है मंत्रालय द्वारा एक से अधिक मौकों पर कहा भी गया था कि विधि आयोग की राय आने के बाद इस विषय पर फैसला लिया जाएगा। चूंकि भाजपा शासित उत्तराखण्ड इस मामले में काफी आगे बढ़ चुका है और भाजपा हिमाचल, गुजरात और कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में समान नागरिक संहिता का वायदा कर चुकी है। अन्य भाजपा शासित राज्य भी इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। संविधान के नीति-निर्देशक तत्वों वाले अनुच्छेद 44 के तहत राज्य समान नागरिक संहिता बना तो सकते हैं मगर अनुच्छेद 254-ख के अनुसार बिना राष्ट्रपति की अनुमति के वह कानून लागू नहीं हो सकता। जाहिर है कि राज्यों में यह पहल बिना भाजपा शीर्ष नेतृत्व की अनुमति के नहीं हो रही है। अगर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ही धामी सरकार से यह सब करा रहा है तो वह फालतू की कसरत नहीं करा रहा, बल्कि स्वयं कानून बनाने का रास्ता साफ कर रहा है।

### धामी सरकार ने केवल माहौल बनाया

वर्ष 2019 में भाजपा के ही एक विधायक अश्वनि उपाध्याय ने दिल्ली हाइकोर्ट में समान नागरिक संहिता लागू करने संबंधी एक याचिका दायर की थी, जिस पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने 12 पृष्ठों का एक हलफनामा दायर कर कहा था कि विधि आयोग की रिपोर्ट मिलने पर केन्द्र सरकार द्वारा अन्य हित धारकों से बात कर कानून बनाया जा सकता है। फिर फरवरी 2022 में तत्कालीन विधि एवं न्याय मंत्री किरन रिजजू ने संसद में कहा था-संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत सम्पूर्ण भारत की टेरिटरी में यह लागू होना है,

जयसिंह रावत

## मिला जुला

### राहुल गांधी और खड़गे पटना में विपक्षी बैठक से पहले करेंगे सभा, पूरे बिहार से जुट रहे कांग्रेस नेता



बिहार . राहुल गांधी और खड़गे पटना में विपक्षी बैठक से पहले करेंगे सभा, पूरे बिहार से जुट रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और खड़गे पटना में विपक्षी बैठक से पहले करेंगे सभा, पूरे बिहार से जुट रहे कांग्रेस नेता प्रदेश कांग्रेस इकाई ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भव्य स्वागत की तैयारी की है। पार्टी कार्यालय का रंगरोगन और सौंदर्यीकरण किया गया है। राहुल गांधी और खड़गे पटना में विपक्षी बैठक से पहले करेंगे सभा, पूरे बिहार से जुट रहे कांग्रेस नेता कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को होने वाली विपक्ष की बैठक में शामिल होने पटना आ रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार के आवास पर आयोजित बैठक में शामिल होने से पहले राहुल और खड़गे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम में सभा करेंगे।

### पीएम मोदी ने बाइडेन को दिए ये गिफ्ट

# 7.5 कैरेट का ग्रीन डायमंड, गुजरात का नमक, पंजाब का घी, महाराष्ट्र का गुड़...

**नई दिल्ली .** अमेरिका की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की. बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन ने पीएम मोदी का व्हाइट हाउस में भव्य स्वागत किया. बाइडेन ने पीएम मोदी के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है. व्हाइट हाउस के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन की तरफ से पीएम मोदी को कई उपहार दिए गए.

#### बाइडेन परिवार की तरफ से मिले ये उपहार

आधिकारिक उपहार के रूप में जो बाइडेन प्रथम महिला जिल बाइडेन पीएम मोदी को 20वीं सदी की शुरुआत में हस्तनिर्मित प्राचीन अमेरिकी पुस्तक गैली भेंट किए. इसके अलावा, राष्ट्रपति बाइडेन पीएम मोदी को एक विंटेज अमेरिकी कैमरा भी उपहार में दिया. बाइडेन ने पीएम मोदी को जॉर्ज ईस्टमैन के पहले कोडक कैमरे के पेटेंट की एक अभिलेखीय प्रतिकृति और अमेरिकी वन्यजीव फोटोग्राफी की एक हार्डकवर पुस्तक भी भेंट की. जिल बाइडेन पीएम मोदी को कलेक्टेड पोयम्स ऑफ रॉबर्ट फ्रॉस्ट की हस्ताक्षरित, प्रथम संस्करण प्रति गिफ्ट की.



#### पीएम की तरफ से दिए गए बाइडेन को ये गिफ्ट

पंजाब में तैयार किया गया घी, जिसे अज्यदान (घी का दान) के लिए चढ़ाया जाता है. महाराष्ट्र में तैयार किया गया गुड़ दिया गया जिसे गुडदान (गुड़ का दान) के लिए प्रयोग किया जाता है उत्तराखंड से प्राप्त लंबे दाने वाला चावल, जिसे धान्यदान (अनाज का दान) के लिए चढ़ाया जाता है राजस्थान में हस्तनिर्मित, यह 24च शुद्ध और हॉलमार्क वाला सोने का सिक्का, जिसे हिरण्यदान (सोने का दान) लिए दिया जाता है. गुजरात में तैयार नमक (नमक का दान), जो लवणदान के लिए दिया जाता है. एक बॉक्स में 99.5प्रतिशत शुद्ध और हॉलमार्क वाला चांदी का सिक्का भी है जिसे राजस्थान के कारीगरों द्वारा सौंदर्यपूर्ण ढंग से तैयार किया गया है और इसे रौप्यदान (चांदी का दान) के रूप में दिया किया जाता है. तमिलनाडु के तिल (तिल के बीज का दान) दिए जिसमें तिलदान के तहत सफेद तिल के बीज चढ़ाए जाते हैं. मैसूर, कर्नाटक से प्राप्त चंदन का एक सुगंधित टुकड़ा भूदान (भूमि का दान) के लिए दिया गया जो भूदान के लिए जमीन पर चढ़ाया जाता है. पश्चिम बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित चांदी का नारियल दिया गया .

### तेज हवा, जोरदार बारिश. वाशिंगटन एयरपोर्ट पर राष्ट्रगान के दौरान भीगते रहे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी अमेरिका के राजकीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने कई हस्तियों के साथ मुलाकात की। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन से भी मुलाकात की। व्हाइट हाउस में मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। इससे पहले, पीएम मोदी वाशिंगटन डीसी पहुंचे तो जोरदार बारिश होने लगी। ज्वाइंट बेस एंड्रयूज हवाई अड्डे पर बारिश और तेज हवाओं के बीच पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया।

स्वागत के बीच भारत का राष्ट्रगान बजाया गया। इस दौरान ऐसा कुछ हुआ जिसको लेकर पीएम मोदी की तारीफ हो रही है। राष्ट्रगान का सम्मान, बारिश में भी खड़े रहे मोदी दरअसल, हवाई अड्डे पर मोदी पहुंचे तो जोरदार बारिश होने लगी। पीएम का औपचारिक स्वागत किया जा रहा था। इस दौरान दोनों देशों के राष्ट्रगान भी बजाए गए। राष्ट्रगान जब बज रहा था, तब जोरदार बारिश हो रही थी। राष्ट्रगान के सम्मान में एयरपोर्ट पर मौजूद सभी लोग सावधान की मुद्रा में खड़े हुए थे। इस दौरान पीएम मोदी भी वही खड़े रहे। बारिश में मोदी भीगते रहे, लेकिन राष्ट्रगान के सम्मान में वह खड़े रहे।

### मंडावली में शनि मंदिर के बाहर रेलिंग तोड़ने पहुंचा प्रशासन, लोगों का जबरदस्त विरोध

**नई दिल्ली** .पूर्वी दिल्ली के मंडावली में शनि मंदिर की अवैध रेलिंग तोड़ने को लेकर प्रशासन और हिंदू संगठन के लोग आमने-सामने आ गए हैं। यह विरोध कल से चल रहा है। पीडब्ल्यूडी की शिकायत पर पूर्वी जिला प्रशासन को फुटपाथ पर पेड़ के नीचे बने मंदिर के ढांचे को तोड़ना है। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही अवैध निर्माण का आदेश दिया गया था हिंदू संगठन के लोग प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। इस दौरान



लोगों और मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प भी हुई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर के पास पुलिस व अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है। प्रशासन का कहना है कि पेड़ के नीचे एक साल पहले मंदिर बनाया गया था। लोहे की रेलिंग लगाकर फुटपाथ को घेरा जा रहा है। हिंदू संगठन के लोग मंदिर को हटाने का विरोध कर रहे हैं। उनके आह्वान पर काफी संख्या में लोग पहुंचे हैं। पूर्वी जिलाधिकारी अनिल बंका ने कहा कि मंदिर नहीं हटाया जा रहा है। सिर्फ मंदिर के पास लगी रेलिंग को हटाया गया है। प्रशासन ने खुरेजी रोड पर शिवपुरी में फुटपाथ किनारे अवैध रूप से पेड़ के नीचे बने छोटे से शिव मंदिर के ढांचे को कल बुधवार को को हटा दिया था। पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन ने कार्रवाई की थी। ढांचे के हटने से फुटपाथ पर राहगीरों का आवागमन सुगम होगा। प्रशासन ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की ओर से शिकायतें आ रही थीं कि पेड़ के नीचे अवैध रूप से मंदिर का ढांचा बनाया हुआ है। शिकायत सही पाए जाने पर मंदिर से जुड़े लोगों को नोटिस देकर स्वयं हटाने के लिए कहा गया। लेकिन, उन्होंने नोटिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। जिसके बाद बुधवार को प्रशासन ने मंदिर से मूर्ति हटाकर ढांचे को हटा दिया। इसके साथ ही पुलिस से कहा गया है कि दोबारा से अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

### मुस्लिम महिलाओं को लुभाने के लिए तीन तलाक के बाद नया मुद्दा लाई भाजपा

देशमुस्लिम महिलाओं को लुभाने के लिए तीन तलाक के बाद नया मुद्दा लाई भाजपा, चलाएगी अभियान लिए तीन तलाक के बाद नया मुद्दा लाई भाजपा, चलाएगी अभियान तीन तलाक के खिलाफ कानून को लेकर मुस्लिम महिलाओं के समर्थन का दावा करने वाली भाजपा अब उन्हें लुभाने के लिए नया मुद्दा लेकर आई है। यह मसला है- समान नागरिक संहिता का, जिस पर पार्टी



जोर देगी। मुस्लिम महिलाओं को लुभाने के लिए तीन तलाक के बाद नया मुद्दा लाई भाजपा, चलाएगी अभियान तीन तलाक के खिलाफ कानून को लेकर मुस्लिम महिलाओं के समर्थन का दावा करने वाली भाजपा अब उन्हें लुभाने के लिए नया मुद्दा लेकर आई है।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत चल रहे स्कूल मरम्मत कार्य को देखने पहुंचे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## मरम्मत कार्यों में तेजी लाने, कक्षाओं में वेन्टीलेशन की सुविधा व हवादार टायलेट बनाने के दिए निर्देश

**रायगढ़**। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा आज पुसौर एवं खरसिया विकासखंड के विभिन्न गांवों के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किए जा रहे स्कूल मरम्मत कार्यों को देखा एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। ताकि नये शिक्षण सत्र में बच्चों को बेहतर स्कूल एवं वातावरण मिल सके। कलेक्टर श्री सिन्हा ने पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-औरदा के स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक स्कूल में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि टायलेट को बेहतर बनाये। इस दौरान उन्होंने फर्नीचर की जानकारी ली, प्राचार्य ने बताया कि कुछ फर्नीचर पहुंच चुके है। इसी प्रकार उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को बेहतर बनाया जा रहा है, कही भी सीपेज की समस्या नहीं आनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने जर्जर भवनों के डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे प्राथमिक शाला पहुंचे। उन्होंने कार्यों के टेंडर की जानकारी ली एवं ठेकेदार से कार्यों को अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी निर्वाचन के संबंध में आवश्यकतानुसार दो दरवाजा बनाने के निर्देश दिए। वे तेलता स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का भी निरीक्षण किए। कार्यों का




निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री सिन्हा ने एंटी स्कीड टाइल्स और टॉयलेट को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 जुलाई तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सहदेवपाली स्थित स्कूल में पहुंचे एवं स्कूल मरम्मत कार्यों का जायजा लेते हुए, निर्वाचन केंद्र के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर श्री सिन्हा खरसिया विकासखंड के ग्राम मुरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भी पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल मरम्मत कार्य की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल के कक्षाओं के वेन्टीलेशन की सराहना करते हुए कहा कि अन्य निर्माणाधीन स्कूलों में इसी प्रकार के वेन्टीलेशन बनाये, जिससे पर्याप्त रोशनी के साथ कक्ष हवादार बन सके। उन्होंने निर्वाचन कक्ष के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल कार्य की

> रीपा गौठानों के गतिविधियों का लिया जायजा, समूह एवं संचालकों से की चर्चा
>
> स्वास्थ्य केंद्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित शिविर में कलेक्टर ने दिव्यांग जनों को वितरित किए सहायक उपकरण
>
> कलेक्टर श्री सिन्हा ने आज पुसौर और खरसिया विकास खंड के विभिन्न ग्रामों का किया दौरा

सराहना करते हुए निर्देश दिए कि सीपेज की समस्या नहीं आनी चाहिए, मौके पर वे आंगनबाड़ी केंद्र भी पहुंचे, उन्होंने बच्चों की कम दर्ज संख्या पर अन्य केंद्र को शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने रीपा गोठानों का भी निरीक्षण किया। वे तरडा गोठान पहुंचे एवं गोठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों की




जानकारी लेते हुए हितग्राहियों से चर्चा की। यहां वे बेलमेटल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समूह से चर्चा की। समूह के सदस्यों ने बताया की तीन माह का प्रशिक्षण है, दो माह हो चुके है, इसी प्रकार फोटो स्टूडियो, सिलाई प्रशिक्षण, संबलपुरी वस्त्रालय के कार्यशाला में भी पहुंचे, जहां कार्यरत महिलाओं ने बताया कि माह में प्रत्येक महिलाओं को 10 से 12 हजार की आय अर्जित हो रही है, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि संबलपुरी साड़ी की मांग स्थानीय बाजार के साथ पड़ोसी राज्यों में भी है। इसी तरह सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाएं व महिलाओं ने बताया कि वहां उन्हें बेहतर रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने रीपा तरडा में पौध रोपण भी किया।

इसी तरह कलेक्टर श्री सिन्हा रीपा बोतल्दा भी पहुंचे। उन्होंने रीपा में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने रीपा में संचालित ढाबा संचालक से चर्चा करते हुए आय के संबंध में जानकारी ली। साथ ही इलेक्ट्रिशियन, बढ़ाई, सीएससी सेंटर, मुर्रा, गमला, दोना पत्तल के गतिविधियों को देखा एवं समूह तथा संचालकों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोठानों के गतिविधियों का मार्केट लिंकेज के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण, सीएचसी के शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांग व्यक्तियों की शल्य क्रिया एवं कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण चिन्हांकन, मूल्यांकन, 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों का मतदान परिचय पत्र हेतु आयोजित शिविर में कलेक्टर श्री सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने आयोजित शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने उप संचालक श्री आलोक भवाल को 18 वर्ष से अधिक दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार खरसिया में भी समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर का निरीक्षण किया। उन्होंने शेष कार्यों में तेजी लाने एवं अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हमर लैब का भी निरीक्षण किया।

### कलेक्टर पहुंचे सहकारी समिति, किसानों से की चर्चा, खाद बीज की ली जानकारी

*कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा बानीपाथर स्थित सहकारी समिति पहुंचे, यहां उन्होंने खाद बीज खरीदने आए ग्राम बरभौंना निवासी कृषक श्री मुनुराम जायसवाल से बात की। श्री जायसवाल ने बताया कि बारिश से पूर्व वे खाद बीज खरीदने आए है। कलेक्टर श्री सिन्हा के पूछने पर उन्होंने बताया कि वर्तमान में खाद- बीज को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने समिति में उपलब्ध खाद-बीज के साथ वर्मी खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। समिति प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में समिति में यूरिया, डीएपी, पोटाश, वर्मी का पर्याप्त भंडारण है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा रासायनिक खाद के साथ वर्मी कम्पोस्ट की भी खरीदी जा रही है।*

## एक नजर

### मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को इलाज हेतु सेन्द्री बिलासपुर में भर्ती कराया सखी वन स्टॉप सेंटर ने

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला महिला संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ चैताली राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में ग्राम पंचायत जतरी की एक महिला जनप्रतिनिधि द्वारा एक सप्ताह से अपने ग्राम में एक भटकती हुए महिला जो मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की जानकारी फोन के माध्यम से दी। सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा महिला जनप्रतिनिधि से उक्त पीड़िता को जिला संत गुरू घासीदास अस्पताल (मेडिकल कालेज)रायगढ़ में भर्ती कराने की सलाह दी गई। जिला महिला संरक्षण अधिकारी के निर्देशानुसार पीड़ित महिला से सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा अस्पताल पहुंचकर जानकारी लेने का प्रयास किया गया परंतु मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं मिली। मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ मनोचिकित्सक द्वारा पीड़ित महिला की जांच उपरांत रिपोर्ट के आधार पर उक्त महिला को मानसिक उपचार केन्द्र सेन्द्री बिलासपुर में मानसिक इलाज हेतु भर्ती कराने की सलाह दी।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ द्वारा उक्त पीड़िता को प्रस्तुत किए जाने के उपरांत विशेषज्ञ मनो चिकित्सक के इलाज व पर्ची रिपोर्ट के आधार पर पीड़िता को मानसिक उपचार केन्द्र सेन्द्री बिलासपुर में मानसिक इलाज हेतु रिशेप्सन आदेश दिया गया। उक्त आदेश के परिपालन में सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ द्वारा पीड़िता को मानसिक उपचार केन्द्र सेन्द्री बिलासपुर में उचित मानसिक इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

### एकलव्य विद्यालय के जेईई और नीट चयनित छात्रों को कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं




**मनेंद्रगढ़** । जिले के दूरस्थ वनांचल पोड़ीडीह(खड़गवां) एकलव्य आदर्श विद्यालय के 4 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की जेईई तथा नीट परीक्षा में हुआ है। बुधवार को सभी चयनित छात्र कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा से मिलने पहुँचे। कलेक्टर दुग्गा ने छात्रों को परीक्षा में चयनित होने पर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कलेक्टर ने छात्रों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

### अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन जांजगीर में किया गया योग शिविर का आयोजन

**जांजगीर चांपा।** योग शिविर में जिला चल एवं नगर सेना बल का पुरुष महिला अधि/ कर्म0 शामिल हुये योग शिविर में कुल 65 पुरुष एवं 25 महिला अधि / कर्म शामिल हुई योग प्रशिक्षक मनीष सिंह के द्वारा कराया गया योगाभ्यास योगाभ्यास में उपस्थित अधि / कर्म0 को योग प्रशिक्षकद्वारा प्रतिदिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए योगाभ्यास करने हेतु सुझाव दिया गया पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को शारिरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहने को ध्यान में रखते हुए 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक मनीष सिंह निवासी सुकलो के द्वारा अधि / कर्म0 को योगाभ्यास कराया गया जिसमें जिला पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्म तथा नगर सेना का बल उपस्थित रहे।

### जिले वासियों ने 'हर घर आंगन योग' के संदेश को किया आत्मसात

**सूरजपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देषन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्षन में नवम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिला के 06 विकासखण्ड ओड़गी, भैयाथान, प्रतापपुर, सूरजपुर, प्रेमनगर एवं रामानुजनगर सहित नगरीय निकायों योगाभ्यास के निर्देष दिये थे। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में के गाँव के लोग, स्कूल के विद्यार्थी, गौठानों में कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह, मनरेगा दिवस में कार्य करने वाले मजदूरो सहित जनपद मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित विभिन्न लोगों ने योगाभ्यास में सहभागिता निभाकर हर घर आंगन योग के संदेष को आत्म सात किया है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग बहुत आवश्यक है। योग हमारे शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाता है। प्रतिदिन योगाभ्यास से हम स्वस्थ रहेंगे, बीमारी नहीं होगी, ज्यादा खर्च नहीं होगा।

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बेंच का किया गया आयोजन

**कोरबा** । राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विगत दिवस जिला पंचायत सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कोरबा अंतर्गत आकांक्षी विकासखंडों कोरबा व पोंडी उपरोड़ा तथा जिले के बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण संबंधित विषयों पर किए जा रहे प्रयासों से संबंधित विभिन्न प्रकार के समस्याओं के समाधान हेतु बेंच का आयोजन किया गया।

बेंच में मुख्य रूप से बच्चों के स्वास्थ्य, कुपोषण, आंगनबाड़ी, स्कूलों में बाउंड्रीवाल, बिजली कनेक्शन, पेयजल, शौचालय एवं भवन इत्यादि से संबंधित समस्याएं के प्रकरणों की सुनवाई की गई। इस दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रकरण भी प्रस्तुत हुए, जिनकी सुनवाई करते हुए उन्हें व्हील चेयर, आवश्यक उपकरण, स्वास्थ्य जांच सुविधा, आधार निर्माण, बैंक खाता निर्माण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र संबंधित विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टॉल द्वारा जारी किए गए।

# बेरोजगारी भत्ता पाने वाले हितग्राहियों के लिए लगा रोजगार काउंसलिंग शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बेरोजगारी भत्ता पाने वाले हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर आज रोजगार काउंसलिंग शिविर महिला आईटीआई केंद्र रायगढ़ में लगाया गया। शिविर में पहुंचे जिले के बेरोजगारी भत्ता के लिए पंजीकृत हितग्राहियों को विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा काउंसलिंग की गई। शिविर में 1163 हितग्राही शामिल हुए। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश व सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सहित अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से यह शिविर आयोजित की गई।

कलेक्टर सिन्हा ने शिविर के आयोजन के संबंध में कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इसमें पंजीकृत हितग्राहियों की काउंसलिंग कर उन्हें विभिन्न ट्रेड्स



की काउंसलिंग दी जा रही हैं। साथ ही उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी पहल हो रही है। इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य है कि हितग्राहियों को रोजगार के अधिक से अधिक मौके उपलब्ध कराए जाएं। इस शिविर में जिले और बाहर की कंपनीज शामिल हुई हैं।



काउंसलिंग के लिए 20 से अधिक कंपनीज पहुंची थी। शिविर में टेक्निकल और नॉन टेक्निकल श्रेणी के जॉब को लेकर काउंसलिंग की गई। जिसमें कैंडिडेट की योग्यता के अनुसार जॉब के बारे में जानकारी देकर सिलेक्शन प्रोसेस के लिए शॉर्टलिस्टिंग किया गया। इनमें मुख्य रूप से मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, इंजीनियर ट्रेनी, इलेक्ट्रीशियन, फीटर, कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव और मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, अकाउंटेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे पदों पर भर्ती के लिए काउंसलिंग की गई।

### कॉल कर दी सूचना, हितग्राहियों ने कहा सराहनीय प्रयास

काउंसलिंग शिविर के लिए जिले के पंजीकृत हितग्राहियों को कॉल और मैसेज के द्वारा सूचना दी गई थी। इस शिविर में पहुंचे हितग्राहियों ने इसे प्रशासन की सराहनीय पहल बताया। पुसौर विकासखंड के ग्राम रैबार के डोलनारायण सिदार ने कहा कि उन्होंने आईटीआई डिप्लोमा किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से भत्ता मिल रहा है, साथ ही अब रोजगार से जोड़ने के लिए यह शिविर आयोजित किया यह एक अच्छा कदम है। उनके साथ तमेंद्र सिदार ने कहा कि इस पहल से आवेदकों को न सिर्फ कंपनियों की वेकेंसी के बारे में पता चल रहा है बल्कि उसमें अप्लाई करने के मौके भी मिल रहे हैं।

### कंपनीज से सीधा संवाद का मिल रहा है प्लेटफार्म

***लैलूंगा से पहुंचे बबलू सिदार ने बताया कि उन्होंने कंप्यूटर में डिप्लोमा किया है और वे किसी अच्छी जगह नौकरी की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि यहां कंपनीज से सीधा संवाद का प्लेटफॉर्म मिल रहा है। वे कंपनी में वेकेंसी के आधार पर अप्लाई कर सकेंगे। उनके साथ आए जसवंत प्रधान ने कहा कि इस शिविर से उन्होंने कंपनी प्रतिनिधियों से बात की, वहां काम के बारे में जाना जिससे उन्हें नौकरी के लिए अप्लाई करने में सहूलियत होगी।***

# हर घर आंगन योग के संदेशों के साथ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में योगाभ्यास

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक विश्व एक स्वास्थ्य थीम पर संपूर्ण जगत में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योग सिर्फ शारीरिक बीमारियों को ही दूर नहीं करता है बल्कि मन को स्थिरता प्रदान कर जीवन की असंख्य समस्याओं का समाधान करता है। योग से जुड़कर व्यक्ति अपने जीवन को परिष्कृत कर जीवन की उच्चतम सफलता को प्राप्त कर सकता है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव श्री खोमेश साहू जी 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने गृह ग्राम मोहदी, जिला धमतरी में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, मोहदी में %हर घर आंगन योग% के संदेश के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, मोहदी की सी.एच.ओ सुश्री तारिणी साहू उपस्थित रही। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में कोई योग प्रशिक्षक की नियुक्ति नहीं होने के कारण मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री तारिणी




साहू ने ही योगाभ्यास कराया। सुश्री तारिणी साहू जी प्रदेश महासचिव श्री खोमेश साहू जी स्कूल समय की क्लासमेट रही है आज अचानक 10 वर्षों बाद उन्हें अपने गृह ग्राम हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर मोहदी में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में देखकर उन्हें हार्दिक प्रसन्नता हुई। दोनों की स्कूली शिक्षा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित नारायण राव मेघा वाले स्कूल से हुई है। अपने क्षेत्र व समाज को स्वास्थ्य के दिशा में अमूल्य योगदान देने दोनों प्रयासरत हैं। योगाभ्यास सत्र में गांव के बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग ने मिलकर योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से संपूर्ण समाज अब नित निरंतर योग जैसी स्वास्थ्य विधा से जुड़ता जा रहा है।

राज्य के प्रत्येक शहर, गांव, गली-मोहल्ले में योगाभ्यास के माध्यम से गढबो नवा स्वस्थ छत्तीसगढ़ का सपना साकार होता दिख रहा है। इस प्रकार स्वास्थ्य सेंटर के माध्यम से जन-जन को स्वस्थ रहने व सुघघर छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने की दिशा में अमूल्य पहल किया जा रहा हैं।

# न्यायालय परिसर सहित जिला जेल, उपजेल, बाल सदन तथा तहसील न्यायालय प्रांगण में हुआ योग शिविर

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में प्रशिक्षित योग शिक्षक की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में परिवार न्यायालय के न्यायाधीश श्री प्रबोध टोप्पो तथा जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कमलेश जगदल्ला, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटी.सी.) श्रीमती प्रतिभा वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रभारी सचिव श्री दीपक कुमार कोशले, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री भास्कर मिश्रा, श्री गुलापन राम यादव, सुश्री सतप्रीत कौर छाबडा, श्री निलेश कुमार जगदल्ला, कु.प्रीति तथा जिला न्यायालय अधीक्षक एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपस्थित योग शिक्षकों द्वारा न्यायिक अधिकारी




एवं कर्मचारियों को अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त जिला जेल रायगढ़ परिसर में पुरूष एवं महिला बंदियों हेतु अलग-अलग योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 643 बंदियों के द्वारा योग किया गया। जिला जेल से सहायक जेल अधीक्षक श्री एस.पी.कुर्रे, जेल प्रहरी तथा जेल कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। योग शिविर आयोजन में आवश्यक सहयोग पैरालीगल वालिंटियर्स श्री नंद कुमार चौहान के द्वारा किया गया।

तहसील न्यायालयों में भी योग दिवस के अवसर पर न्यायालयों सहित उपजेल सारंगढ़ में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सारंगढ़ में अपर जिला न्यायाधीश कुमारी राधिका सैनी के द्वारा उपजेल सारंगढ़ में 217 बंदियों को योग से होने वाले लाभ एवं उसके महत्व के बारे में बताया गया तथा योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में बंदियों को योग कराया गया। साथ में उप जेल अधीक्षक संदीप कुमार कश्यप सहित पैरालीगल वालिंटियर श्री नारद प्रसाद श्रीवास उपस्थित रहे। इसी प्रकार तहसील खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, भटगांव, बिलाईगढ़ के न्यायालयीन प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय एवं तहसीलों को मिलाकर 125 अधिकारियों/कर्मचारियों ने योग शिविर का लाभ उठाया।

### सैनिक कल्याण कार्यालय के कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायगढ़ के समस्त कर्मचारी तथा जिले के भूतपूर्व सैनिकों ने रायगढ़ के कमला नेहरू गार्डन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। जहां पतंजलि संस्था के योग गुरू श्री एस.के.मंडल के दिशा-निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया।

### आयुर्वेद विभाग ने किया काढ़े का वितरण

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण किया गया। साथ ही योग पाम्पलेट का भी वितरण किया गया। जिसमें योगा से जुड़े विभिन्न आसन की झलकियां बतायी गयी थी। जहां आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।*

# पुलिस ने 14 वाहने के खिलाफ की कार्यवाही

## रक्षित केंद्र सक्ती में स्कूल वाहन की जांच हेतु शिविर का आयोजन

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक सक्ती एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सक्ती के निर्देशानुसार शिक्षण सत्र की सुरुवात के पहले यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 22.06.23 को जिले में संचालित निजी स्कूलों के वाहनों की जांच हेतु रक्षित केंद्र सक्ती में शिविर लगाया गया। आयोजित शिविर में जिले के 59 स्कूली वाहन जिसमे बस एवं छोटी स्कूली वाहनों की जांच की गई। सबसे पहले स्कूली वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके बाद स्कूल वाहनों की भौतिक जांच की गई। वाहनों के रजिस्ट्रेशन, परमिट, बीमा वाहन चालक के लाइसेंस की जांच 12 बिंदु अनुसार की गई। इसके बाद



वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जिसमें 04 चालकों स्वास्थ्य समस्या थी जिन्हें डॉक्टर द्वारा दवाई लेने की सलाह दी गई। वाहनों की जांच के दौरान 14 स्कूल वाहन सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं कर सके जिसमें 14 स्कूली वाहन पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर 47000 जुर्माना लिया गया साथ ही 11वाहन चालकों को समझाएं देकर छोड़ा गया।क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने आज नवीन सक्ती जिले में सभी स्कूल

*शिविर में जिले में जिलेभर के 59 स्कूल वाहनों की जांच की गई*

*माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं करने पर 13वाहनों पर कार्यवाही कर ? जुर्माना वसूल किया*

बसों के फिटनेस निरीक्षण शिविर में उपस्थित जिले भर के स्कूल बस चालकों व परिचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि उल्लंघन पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं यातायात प्रभारी सुरेंद्र सिंह द्वारा स्कूली वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने तेज रफ्तार वाहन न चलाने सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने एवं शराब सेवन कर वाहन न चलाने की समझाइश दी गई।

*स्कूली वाहनों की जांच कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी सुरेंद्र सिंह जिला परिवहन अधिकारी श्री आनंद शर्मा श्री प्रदीप शर्मा उपनिरीक्षक परिवहन विभाग के स्टाप एवं एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ सर एवं स्टाफ एवं यातायात से दिलेश्वर साहू शैलेंद्र राठौर सुभाष वेद प्रकाश रामा राठौर एवं पुलिस लाइन के कर्मचारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।14वाहने के खिलाफ हुई कार्यवाही।*

## एक नजर

### 3 दिवसीय बहुस्तरीय खेती का हुआ आयोजन

जमीन को अधिक उपजाऊ बनाने और अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बहुपरत खेती को अपनाने के संबंध में दिए गए टिप्स

**रायगढ़।** जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम-जुनवानी (बंगुरसिया)में बिहान, जनपद पंचायत रायगढ़ एवं प्रदान संस्था के सहयोग से 3 दिवसीय 17 से 19 जून तक बहुस्तरीय खेती का आयोजन का किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त प्रशिक्षक श्री आकाश चौरसिया ने किसानों को अपने जमीन को अधिक उपजाऊ बनाने और अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बहुपरत खेती को अपनाने के संबंध में टिप्स दिए। प्रशिक्षण में मुख्य प्राकृतिक और जैविक खेती, बहु मंजिला कृषि प्रेक्टिकल अभ्यास, निर्जलीकरण व अन्य विधियों द्वारा उत्पादन को उत्पाद में बदलना, देशी बीजों का महत्व और संरक्षित की गई प्रजातियों का विवरण, भूमि स्वस्थ्य प्रबंधन, मिट्टी का संतुलन और संपूर्ण आहार (खाद)तैयार करने के प्रकार, कीटों के प्रकार और उनका उपचार (किट नियंत्रण प्राकृतिक औषधि तैयार करना), जल पूणर्भरण और भूमि संरक्षण, विभिन्न फसलों के लिए आवश्यक जल सिंचाई प्रणाली, खेत में जैविक विविधता कैसे तैयार करें (खेत की योजना और डीजाईनिंग) तथा भारतीय गाय का महत्व, संपूर्ण आहार और प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बहुपरत खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों के साथ कार्य योजना बनायी गयी।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 5 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, लैलूंगा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका तथा मिनी कार्यकर्ता हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों का जांच कमेटी द्वारा परीक्षण उपरांत दावा-आपत्ति हेतु सूची शहरी क्षेत्र नगर पंचायत लैलूंगा के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 5 जुलाई 2023 शाम 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तालाबों में आज होगा सामूहिक श्रमदान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

स्वच्छ सरोवर अभियान अंतर्गत जिले में 23 जून को व्यापक पैमाने पर सबकी सहभागिता से तालाबों की साफसफाई की जाएगी। तालाब के आसपास एवं सीढ़ियों में साफसफाई होने से सभी लोगों को लाभ मिलेगा। परिवेश भी स्वच्छ एवं सुन्दर रहेगा। तालाबों से प्लास्टिक, जलकुंभी, कचरा, कटीली झाड़ियां साफ होगी। हमर सरोवर हमर धरोहर सामूहिक श्रमदान में संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारी राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, सरपंच, पंच, पटेल और ग्रामवासी शामिल होंगे।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया

सारंगढ़ में 24 जून तक होगा ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट का चेकिंग

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कृषि उपज मंडी सारंगढ़ परिसर स्थित वेयर हाउस में निर्वाचन के एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया। डॉ सिद्दीकी ने एसडीएम मोनिका वर्मा से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और ईव्हीएम.व्हीव्हीपैट मशीन के साफसफाई, चिन्ह अपलोड, व्हीव्हीपैट से प्रिन्ट आदि का संबंधित इंजीनियरों से बातचीत कर एफएलसी प्रक्रिया का निरीक्षण की। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के बटन को छूकर और महिला इंजीनियर से काम के दौरान कोई दिक्कत तो नहीं



बोलकर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एफएलसी कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी जीवराज रात्रे उपस्थित थे। एफएलसी कार्य का अब तक राजनीतिक पार्टी इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आप पार्टी और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रतिनिधियों ने अवलोकन किया है।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन कार्यों के लिए बैठक ली



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर जिले के निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को नये और पुराने, जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है, उनको प्रेरित कर नाम जुड़वाने के लिए कहा। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए रैम्प और दिव्यांग तथा महिलाओं के लिए अलग से शौचालय निर्माण की स्थिति, वेब कॉस्टिंग, सीसीटीवी का रखरखाव, मैनपावर और कम्प्लेन मैनेजमेंट, कम वोटिंग क्षेत्र, मतदान केन्द्रों की एनालिसिस, मतदान केन्द्र का पहुंच एवं कार्य के कैटेगरी क्रिटिकल, सुविधारहित और सामान्य, थर्ड जेंडर की वर्तमान स्थिति, मतदाता सूची के फार्म नंबर 6, 7, 8 के बारे में चर्चा की और अधिकारियों को निर्वाचन के कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज, एसडीएम मोनिका वर्मा डॉ. स्निग्धा तिवारी डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

# जून महीने में ही व्यापमं की 40 परीक्षाएं, निःशुल्क आवेदन और जिलों में परीक्षा केंद्र आरंभ करने से बड़ी संख्या में युवा ले रहे हिस्सा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा बड़े पैमाने पर भर्ती प्रक्रिया को तेज करने दिये गये निर्देश के पश्चात तेजी से परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। व्यापमं के जून महीने के कैलेंडर में 40 परीक्षाएं हैं जिसमें विभिन्न विभागों के पदों के साथ ही प्रवेश परीक्षाओं के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा भी शामिल हैं। युवाओं पर आर्थिक भार न हो, इसके चलते मुख्यमंत्री श्री बघेल ने व्यापमं की प्रवेश परीक्षाओं में आवेदन शुल्क समाप्त कर दिया। इसका सुखद प्रभाव हुआ है। पिछली प्रवेश परीक्षाओं की तुलना में अमूमन सभी प्रवेश परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। बीएड और नर्सिंग




हर बार आवेदन भरने में दिक्कत न हो इसलिए बनाये गये प्रोफाइल, 12 लाख प्रोफाइल तैयार किये व्यापमं ने, 18 लाख आवेदन भरे गये

पिछली परीक्षाओं की तुलना में परीक्षार्थियों की संख्या में काफी इजाफा

जैसी प्रवेश परीक्षाओं में यह संख्या दोगुनी तक हो गई है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में व्यापमं ने परीक्षा केंद्रों की संख्या भी बढ़ाई इसके चलते भी युवाओं की संख्या बढ़ी। पहले व्यापमं की बहुत सी परीक्षाएं केवल संभाग मुख्यालयों में होती थी। उदाहरण के लिए लेबर इंस्पेक्टर जैसी प्रवेश परीक्षाएं संभाग मुख्यालय में होती थीं लेकिन इस बार 30 जिलों में यह प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसके चलते बड़ी संख्या में युवाओं ने आवेदन भरा और अपने जिला मुख्यालय से प्रवेश परीक्षा दिलाई। अलग-अलग तरह की प्रवेश परीक्षाओं में हर बार आवेदन में सारी जानकारी प्रदान करना भी एक श्रमसाध्य प्रक्रिया होती है। इससे न केवल युवाओं को समय खर्च करना पड़ता है अपितु व्यापमं के लिए भी इसका प्रबंधन कठिन कार्य होता था। इस समस्या को दूर करने व्यापमं ने प्रोफाइल तैयार करने की योजना लाई। युवाओं को व्यापमं द्वारा चाहे गये डिटेल इस प्रोफाइल में भर देना है और इससे हर बार वही जानकारियां अपलोड करने की जरूरत नहीं। प्रोफाइल में किसी तरह की त्रुटि होने पर इसके सुधार के लिए भी आवेदन दिया जा सकता है। व्यापमं में भर्ती परीक्षाओं के लिए और प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रोफाइल तैयार किये हैं और ऐसे प्रोफाइल की संख्या लगभग 12 लाख हैं। अब तक 18 लाख लोगों ने इस प्रोफाइल के माध्यम से व्यापमं की परीक्षा दी है।

*उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता भी प्रदान किया जा रहा है। बेरोजगारी भत्ते के लिए अर्ह युवाओं को हर महीने 2500 रुपए दिये जा रहे हैं जो सीधे उनके खाते में अंतरित हो रहे हैं। व्यापमं और पीएससी की भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह राशि अपनी तैयारी को बेहतर करने में काफी उपयोगी साबित हो रही है।*

# 5 वीं बटालियन में किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जाँच शिविर का आयोजन

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कंगोली स्थित 5 वीं बटालियन में बुधवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जॉच शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन द्वारा शिविर विशेष तौर पर पुलिस के जवानों और उनके परिवारों को डेंगू से बचाव ,जाँच एवं रोकथाम के लिए आयोजन किया गया है।इस शिविर में डेंगू, मलेरिया, के साथ-साथ अन्य बीमारियों से बचाव के उपाय के बारे में जवानों को जानकारी देने के साथ-साथ डेंगू व मलेरिया की जांच की गई। शिविर में 106 लोगों ने लाभ लिया, इसमें से 55 लोगों की





मलेरिया और डेंगू की जांच की गई,सभी नकारात्मक पाए गए। 95 लोगों का बी.पी. और शुगर की जॉच की गई, 33 लोगों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया 10 मरीज सामान्य सर्दी खांसी के पाए गए सभी का लक्षणों के आधार पर उपचार किया गया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की एम.एम.यू. की टी, डॉ. वीरेंद्र ठाकुर सहित स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बकावण्ड विकासखण्ड में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों का किया निरीक्षण

संघकरमरी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से किया चर्चा

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान बकावण्ड में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने छोटे देवड़ा में स्टेडियम के विकास कार्य का अवलोकन किया। स्टेडियम के समीप स्थित पुराने बुनकर भवन को नियमानुसार ध्वस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही गांव में बुनकर कार्य में संलग्न व्यक्तियों की सूची तैयार कर छोटे देवड़ा को बुनकर कलस्टर के रूप में विकसित करने पर चर्चा किए। साथ ही गांव के बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राही युवाओं को बुनकर क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री विजय ने बकावण्ड में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर बच्चों को बिस्कीट वितरण किया। साथ ही आवश्यक मरम्मत के कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्कूल जतन योजना के तहत मटनार के स्कूल जीर्णोद्धार कार्य



का अवलोकन कर गोबर पेंट का उपयोग करते हुए दिवालों को सफेद कलर से रंगने कहा गया। इसके उपरांत कलेक्टर ने मंगनार गोठान में संचालित रीपा का अवलोकन किया। उन्होंने रीपा के तहत मुर्रा बनाने की गतिविधि को मार्केट की उपलब्धता के आधार पर बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही पेपर कप, कुम्हार लोगों के लिए वर्कशेड बनाने के संबंध में चर्चा किया। इसके अलावा गोठान में संचालित की जा रही आर्थिक गतिविधियों में संलग्न महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों से चर्चा किए। गोठान में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट की स्थिति का भी संज्ञान लिए। अधिकारियों को गोठान में गोबर से बिजली यूनिट का लगाने की कार्ययोजना पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही गौमूत्र खरीदी तथा उसका प्रसंस्करण स्वरूप को विभागों के माध्यम से बिक्री बढ़ाने के निर्देश दिए।

ग्राम संघकरमरी में कलेक्टर श्री विजय ने ग्रामीणों से चौपाल लगाकर संवाद किए उन्होंने कहा कि गांव में शासन-प्रशासन की योजनाओं का क्रियान्वयन व ग्रामीणों की समस्याएं जानकर उन सेवाओं को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# रतनपुर को मिल रही अतिक्रमण से निजात तहसीलदार शिल्पा भगत निकली अतिक्रमण हटवाने

जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।

रतनपुर शहर में फोर लेन सड़क बनाने अतिक्रमण हटाने कार्रवाई जारी है रतनपुर शहर में यातायात को वनवे करने वर्षों से लंबित डिवाइडर युक्त 80 फीट चौड़ी सड़क निर्माण लोक निर्माण विभाग ने शुरू कर दिया है.






अतिक्रमण हटाने लोगों को कई बार राजस्व विभाग से नोटिस भी जारी किए थे जहा जहा अतिक्रमण था वहा नाप कर चिन्हांकित भी कर दिए थे पर असर लोगों पर होता दिख रहा है। लेकिन जहा जहा अतिक्रमण नहीं हटा वहा पर तहसीलदार शिल्पा भगत ने स्वयं अपने प्रशासनिक टीम द्वारा अतिक्रमण हटवाते हुए नजर आते है। एनएच 130 से 7.70 किलोमीटर लंबी खंडोबा मंदिर से महामाया चौक होते हुए खुंटाघाट तक सड़क बनाने का काम शुरू हो गया है। सड़क के दोनों ओर बने दुकान और मकान शहर की जीवन रेखा है। सड़क के दोनों ओर खड़ी कच्ची पक्का दीवारों पर चिन्हांकित कर लाल रंग में प्लस के बाद अतिक्रमण किए जमीन की लंबाई अंकित किया गया है। लोक निर्माण विभाग ने 80 फीट चौड़ी अपनी सड़क सीमा तय कर रखी है. सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर 40-40 फीट की चिन्हांकित कर रही है इसमें गरीब से लेकर रसूखदारों के मकान और व्यवसायिक प्रतिष्ठा भी है जहा मंगल, एवम बुधवार को रतनपुर शनिचरी बाजार चौक से बेजा कब्जा हटवाते नजर आए शनिचरी बाजार चौक जोकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार एनएच के द्वारा चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट है इस चौक से रतनपुर, बिलासपुर, कोटा जाने के लिए अहम रास्ता है और यहां पर वर्षों से बेजा कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था जिसके वजह से कोटा तरफ से आने वाले लोगों को दुर्घटना होने के स्थिति बनी रहती थी इसी वजह से इस शनिचरी चौक को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है,

वही शनिचरी चौक ब्लैक स्पॉट होने की वजह से यहां पर 40 से 50 फीट की दूरी से अतिक्रमण हटाया गया, जिससे चौक पर आने वाले किसी भी गाड़ी को दूसरी ओर से आने वाली गाड़ी नजर आ जाए जिससे दुर्घटना ना घटे,इस उद्देश्य से तहसीलदार शिल्पा भगत के द्वारा राजस्व अमला के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम के साथ चौक से बेजा कब्जा बुलडोजर के माध्यम से हटाया गया जिसमें बेजा कब्जा धारियों के द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया लेकिन तहसीलदार शिल्पा भगत के समझाइस के बाद, लोगों की सहमति से शनिचरी चौक से अतिक्रमण हटाया गया, बताया गया कि आने वाले दिनों में नगर को एक बेहतरीन और चौड़ी सड़क के साथ सुंदर और बेहतर चौक देखने को मिलेगा अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में शनिचरी चौक जैसे कई ऐसे जगह है जहां पर से भी अतिक्रमण हटाने का काम किया जाएगा।

## जरा हटके जरा बचके ने पार किया 70 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा



विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके 2 जून को दर्शकों के बीच आई थी। जहां फिल्म की समीक्षकों द्वारा मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं, वहीं जरा हटके जरा बचके को पहले दिन से ही दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। हालांकि, पिछले सोमवार से फिल्म की कमाई में गिरावट जारी है, इसके बावजूद भी अपनी रिलीज के 19वें दिन जरा हटके जरा बचके ने टिकट खिड़की पर 70 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। जरा हटके जरा बचके मंगलवार (19वें दिन) को 99 लाख रुपये का कारोबार करने में सफल रही, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 70.38 करोड़ हो गया है।



## मराठी एक्ट्रेस हैं आदिपुरुष में माया बनने वालीं एक्ट्रेस तृप्ति टॉरडमल, पल्लू गिराकर दिया बोल्ड सीन

*रामायण पर आधारित फिल्म आदिपुरुष में बोल्ड सीन देकर चर्चाओं में आने वाली एक्ट्रेस तृप्ति टॉरडमल उर्फ आयशा मधुकर एक मराठी एक्ट्रेस हैं। आदिपुरुष फिल्म उनकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। प्रभास और कृति सेनन और सैफ अली खान स्टारर आदिपुरुष पिछले हफ्ते रिलीज हुई थी। पिछले कुछ दिनों से फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है।*

कास्टिंग से लेकर डॉयलग तक की आलोचना हो रही है। आदिपुरुष फिल्म में एक एक्ट्रेस की काफी चर्चा हो रही है। आदिपुरुष में लंका में रावण के भाई विभीषण के साथ दिखाई गई एक एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उन्होंने फिल्म में पल्लू गिराकर बोल्ड सीन दिया है। जिसपर बवाल मचा हुआ है। इस एक्ट्रेस का नाम तृप्ति टॉरडमल है। हालांकि तृप्ति टॉरडमल का असली नाम आयशा मधुकर है। तृप्ति टॉरडमल का इंस्टाग्राम अकाउंट भी ञ्च आयशा मधुकर के नाम से है। कई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा कि तृप्ति टॉरडमल ने फिल्म आदिपुरुष में रावण के भाई विभीषण की पत्नी सरमा का किरदार निभाया है। हालांकि अपने इंस्टा अकाउंट पर तृप्ति टॉरडमल ने बताया है कि उन्होंने फिल्म में माया का किरदार निभाया है। तृप्ति टॉरडमल एक मराठी अभिनेत्री हैं और आदिपुरुष उनकी पहली हिंदी फिल्म है। तृप्ति टॉरडमल के पिता मधुकर टोडरमल भी मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता हैं और उन्होंने कई फिल्मों में अपनी प्रतिभा साबित की है। तृप्ति टॉरडमल का जन्म मुंबई में 22 नवंबर 1992 को हुआ था। तृप्ति टॉरडमल ने 2 मराठी फिल्मों में काम किया है। तृप्ति टॉरडमल को साल 2018 में फिल्म सविता दामोदर परांजपे से पहचान मिली थी। इसके बाद तृप्ति टॉरडमल लगातार फिल्मों में सक्रिय हैं। तृप्ति टॉरडमल की दूसरी मराठी फिल्म साल 2019 में फत्तेशिकस्त थी।

## मीका सिंह मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं: आकांक्षा पुरी

बिग बॉस ओटीटी का दूसरा सीजन शुरू हो चुका है और इसके प्रतिभागी किसी न किसी वजह से चर्चा में हैं। टीवी अभिनेत्री आकांक्षा पुरी शो में जाने वालीं सबसे चर्चित प्रतिभागियों में से एक हैं। शो की वजह से जब आकांक्षा चर्चा में आईं तो एक बार फिर से गायक मीका सिंह के साथ उनके रिश्ते की चर्चा होने लगी। एक इंटरव्यू में उन्होंने बिग बॉस के लिए अपनी उत्सुकता और अपने पुराने रिश्तों पर बात की है।

आकांक्षा ने कहा कि वह हमेशा से रिएलिटी शो में हिस्सा लेना चाहती थीं। उनके पास यह मौका हमेशा तब आता था जब वह किसी और शो पर काम शुरू कर चुकी होती थीं। इस बार यह ऑफर सही समय पर आया और उन्होंने इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि उनके लिए घर में इतने सारे लोगों के साथ रहना सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि वह 15 सालों से अकेले रह रही हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या पारस छाबड़ा के साथ रिश्ता घर में मुद्दा बनेगा तो उन्होंने कहा कि यह बात पुरानी हो गई है। उन्हें नहीं लगता है कि दर्शकों को भी इसमें कोई दिलचस्पी है। तो क्या मीका सिंह ताजा मुद्दा होंगे? इस पर उन्होंने कहा, वह मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं और यह मुद्दा मेरे दिल के करीब है। अब बिग बॉस में आकांक्षा और जैद हदीद के बीच नजदीकियां दिख रही हैं। पिछले साल आकांक्षा रिएलिटी शो मीका दी वोटी में नजर आई थीं। वह इस शो की विजेता रहीं और मीका ने उन्हें अपनी दुल्हन के रूप में चुना था। हालांकि, बाद में उन्होंने बयान दिया था कि वह और मीका सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। इसके बाद लोगों ने इस रिएलिटी शो की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे। अब शो में जैद के साथ नजदीकियों के कारण फिर से उनका स्वयंवर चर्चा में है।



## धनुष की नई फिल्म तेरे इश्क में का ऐलान, आनंद एल राय संग फिर मिलाया हाथ




रांझणा और अतरंगी रे की बंपर सक्सेस के कॉलीवुड सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक आनंद एल राय की अगली फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। रांझणा के 10 साल पूरे होने की खुशी का जश्न मनाते हुए इस निर्देशक और एक्टर की जोड़ी ने अपनी अगली फिल्म का धांसू ऐलान आज कर दिया। इस फिल्म का ऐलान करते हुए मेकर्स ने एक जबरदस्त एनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। जिसमें सुपरस्टार धनुष दारू की बोतल से अपने प्रेमी के जाने के बाद आग लगाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में धनुष एक धांसू डायलॉग बोलते दिख रहे हैं। जिससे साफ होता है कि रांझणा की तरह ही इस फिल्म में भी धनुष अपना प्यार किसी और की वजह से खो देंगे। ये एक जबरदस्त एक्शन और इंटेंस लव स्टोरी होने वाली है। इस फिल्म के लिए संगीतकार ए.आर रहमान ने हाथ मिलाया है। फिल्म निर्देशक आनंद एल राय ने धनुष स्टारर अपनी अगली फिल्म का ऐलान रांझणा की दसवीं एनिवर्सिरी पर किया है। इस फिल्म के बारे में कुछ विस्तार से बताते हुए निर्देशक ने ट्वीट कर बताया कि फिल्म में उनका नाम शंकर होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए निर्देशक ने लिखा, कुछ कहानियां किसी पुराने दोस्त जैसी मिल जाती हैं। जो हाथ नहीं मिलाती सीधा आगे गले लग जाती हैं। 10 साल पहले एक ऐसी ही कहानी मिली थी हमें... कुंदन की कहानी। दोस्त था मेरा, पर जी न सका... उसका मूड नहीं था जीने का।

## सनी लियोनी ने शेयर किया योगा रुटीन, हॉट योगा है एक्ट्रेस का फेवरेट

एक्ट्रेस सनी लियोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपना योगा रुटीन शेयर किया। उन्होंने कहा कि वह अपने फिटनेस प्रोग्राम में योग को शामिल करना पसंद करती हैं। यह सभी हानिकारक पदार्थो को दूर कर शरीर को साफ करने में मदद करता है।



बिग बॉस सीजन 5 में आने के बाद भारतीय शोबिज में अपनी जर्नी शुरू करने वाली एक्ट्रेस ने अपने योगा रुटीन के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैं हमेशा हॉट योगा को चुनती हूं। मुझे हॉट योगा पसंद है, इसका कारण यह है कि यह मेरी मांसपेशियों को मजबूत करने और टोन करने के अलावा मेरे शरीर से हानिकारक पदार्थो को बाहर निकालता है। उन्होंने माइंडफुलनेस के बारे में अपनी राय भी साझा की, जो योग से निकटता से जुड़ी हुई है, और वर्तमान समय में यह कैसे महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा, मौजूदा समय में न सिर्फ अपने बारे में सजग होना जरूरी है, बल्कि हमारे आस-पास की सभी चीजों और लोगों के प्रति सजग होना बहुत महत्वपूर्ण है।

## एक्टिंग, गाने और लिखने की कला के लिए आभारी हूं : आयुष्मान खुराना



आयुष्मान खुराना का कहना है कि वह एक्टर-आर्टिस्ट बने रहेंगे। इससे उन्हें संतुष्टि मिलती है। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर, उन्होंने खुलासा किया कि उनका नया गाना रतन कालिया 4 जुलाई को रिलीज होगा। उनके पास पानी दा रंग, साडी गली आजा, मिट्टी दी खुशबू, यहीं हूं मैं जैसे कई हिट गाने हैं। आयुष्मान ने कहा, मैं एक एक्टर-आर्टिस्ट बना रहूंगा, इससे संतुष्टि मिलती है। जब मुझे एक्टर के रूप में अच्छी, फ्रेश, डिसरप्टिव फिल्मों का हिस्सा बनने का मौका मिलता है तो मैं उत्साह से भर जाता हूं और यही फीलिंग मुझे तब भी मिलती है, जब मैं किसी नई म्यूजिक से जुड़ता है। मुझे लगता है कि मैं दोनों में नयापन खोजता हूं, क्योंकि मौलिकता मुझे हमेशा आकर्षित करती है। उन्होंने कहा, मैं किस्मत वाला हूं कि मैं एक्टिंग कर सकता हूं और गा सकता हूं और लिख सकता हूं। मैं इस गिफ्ट के लिए आभारी हूं, जो मुझे मिला है। जब मैं स्क्रीन पर या म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान लोगों का मनोरंजन करता हूं और लोग मेरे म्यूजिक पर थिरकते हैं, तब मैं वास्तव में जीवंत महसूस करता हूं। उन्होंने आगे कहा: मैं अपने करीबी फ्रेंड-कंपोजर और लॉन्ग टाइम क्रिएटिव कोलैबोरेट रोचक कोहली के साथ अगले महीने टी-सीरीज के साथ अपने नए गाने रतन कालियान को रिलीज करने की तैयारी कर रहा हूं।

# खेल

## सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप : ओडिशा की कर्नाटक पर 4-0 से जीत

अमृतसर । कप्तान जसोदा मुंडा की हैट्रिक की बदौलत ओडिशा ने जीएनडीयू मेन ग्राउंड में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में कर्नाटक को 4-0 से हरा दिया। मालती मुंडा ओडिशा के लिए अन्य स्कोरर थीं, क्योंकि उन्होंने चार मैचों में नौ अंकों के साथ समूह में रहने के लिए कर्नाटक को पछाड़ दिया, समूह के नेताओं तमिलनाडु से तीन अंक पीछे।



34वें मिनट में कर्नाटक का प्रतिरोध टूट गया जब डिफेंडर ममता पात्रा की एक लंबी गेंद ने कर्नाटक की रक्षा को झकझोर कर रख दिया। जसोदा मुंडा ने एकल रन के साथ इसका सबसे अधिक फायदा उठाया और गेंद को कर्नाटक के संरक्षक और कप्तान ऐश्वर्या ए को नेट के पीछे डालकर ओडिशा को 1-0 से आगे कर दिया। मिनट बाद कर्नाटक की मनासा एम. ने मालती मुंडा को बॉक्स की ओर बढ़ने से रोकने के प्रयास में गेंद को अपने पेनल्टी बॉक्स के अंदर अपने हाथों से छुआ। जसोदा मुंडा ने निम्नलिखित पेनल्टी से गोल करके ओडिशा को 2-0 कर दिया।

इसके बाद जसोदा मुंडा ओडिशा के मैच के तीसरे गोल के लिए प्रदाता बन गईं, जब उनका डिफेंस-स्प्लिटिंग पास ऐश्वर्या ए द्वारा पेनल्टी बॉक्स के किनारे से साफ कर दिया गया था, लेकिन गेंद मालती मुंडा के पास गई, जिन्होंने एक खाली जाल में टैप करके स्कोर 3 कर दिया। -0। जसोदा मुंडा ने 55वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की जब उन्होंने ममता पात्रा के एक पास का पीछा करते हुए ऐश्वर्या ए को राउंड ऑफ किया और आसानी से गोल कर दिया। जसोदा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



झारखंड को पहला अंक जीएनडीयू मेन ग्राउंड में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में झारखंड ने पीछे से पंजाब को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया।

इस ड्रा से झारखंड ने चार मैचों के बाद प्रतियोगिता में अपना पहला अंक दर्ज किया और पंजाब के चार मैचों में तीन अंक हो गए।

पंजाब के फॉरवर्ड निशा ने मैच के 6वें मिनट में उन्हें आगे कर दिया। निशा ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर दक्षिणपंथी से एक हवाई पास को नियंत्रित किया और शीर्ष कोने पर अपने बाएं पैर से शानदार ढंग से गोल किया।

सुधा अंकिता तिर्की ने 79वें मिनट में झारखंड को बराबरी पर ला दिया।

*झारखंड के कोने को पंजाब के डिफेंस ने अच्छी तरह से नहीं संभाला, क्योंकि गेंद बॉक्स के अंदर सुधा के लिए गिरी। डिफेंडर ने दाएं पैर से फिनिश किया और पंजाब की कप्तान और कस्टोडियन सीता शर्मा के पास कोई मौका नहीं बचा। सुधा अंकिता तिर्की को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तमिलनाडु के लिए आसान पूर्व चैंपियन तमिलनाडु ने सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में ग्रुप ए के मैच में चंडीगढ़ को 3-0 से हराकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बरकरार रखा।*

### एक नजर

## टीम इंडिया ने जीता इमर्जिंग एशिया कप का खिताब

### फाइनल में बांग्लादेश को 31 रनों से चटाई धूल

**हांगकांग** । श्रेयंका पाटिल (13/4) और मन्नत कश्यप (20/3) की शानदार गेंदबाज़ी के बदौलत भारत ए ने इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में बुधवार को बंगलादेश ए को 31 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।





भारत टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन ही बना सका, लेकिन श्रेयंका और मन्नत की गेंदबाजी ने बंगलादेश को 96 रन पर ऑलआउट कर दिया। कनिका आहूजा ने भी चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए, जबकि तितास साधु ने एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश को 128 रन का मामूली स्कोर हासिल करना था, लेकिन मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर भारतीय स्पिनर बंगलादेशी की टीम पर पूरी तरह से हावी रहे।

बंगलादेश के लिए नाहिदा अख्तर सर्वाधिक 17 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। शोभना मोस्टरी ने 16 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज शाथी राणा ने 13 रन का योगदान दिया। इससे पूर्व, दिनेश वृंदा (29 गेंद, 36 रन) ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा।

## कमिंस-लायन ने इंग्लैंड से जीत छीनी

**बर्मिंघम** । ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान पैट कमिंस (44 नाबाद) की शानदार बल्लेबाजी और नेथन लायन (16 नाबाद) के साथ उनकी अर्द्धशतकीय साझेदारी की बदौलत रोमांच और उत्साह से भरे पहले एशेज़ टेस्ट में इंग्लैंड को दो विकेट से मात दी। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 281 रन का लक्ष्य रखा, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें दिन के आखिरी क्षणों में आठ विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।



लक्ष्य का पीछा करते हुए कंगारुओं ने आठ विकेट मात्र 227 रन पर गंवा दिये थे, लेकिन कमिंस ने जीत की क्षीण संभावनाओं को हकीकत में बदला। उन्होंने 73 गेंद पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 44 रन की नाबाद पारी खेलते हुए लायन के साथ नौंवे विकेट के लिये 55 रन की साझेदारी की। जब ऑस्ट्रेलिया जीत से दो रन दूर थी तब गेंद कमिंस के बल्ले का किनारा लेकर चौके के लिये चली गयी।

दिन की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 174 रन चाहिये थे, जबकि इंग्लैंड विजय से सात विकेट दूर था। पहला सत्र हालांकि बारिश में धुल गया और खिलाड़ी लंच के बाद ही मैदान पर आ सके। ऑस्ट्रेलिया को अब यह 174 रन 67 ओवर में बनाने थे लेकिन बादलों के तले स्विंग होती गेंद को खेलना आसान नहीं था।

ब्रॉड ने परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए नाइट वॉचमैन स्कॉट बोलैंड को 20 रन के स्कोर पर चलता किया, जबकि ख्वाजा और ट्रैविस हेड को रन बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ा।

## भारतीय कोच ने पाकिस्तानी खिलाड़ी से फुटबॉल छीनी :थ्रो फेंकने से रोका

**बेंगलुरु।** SAFF चैम्पियनशिप में भारत-पाकिस्तान के मैच में बुधवार देर रात झड़प हो गई। पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ी भारतीय टीम के हेड कोच और मैनेजर इगोर स्टीमाक से लड़ने पहुंच गए। हालात, मैच के रेफरी और भारतीय खिलाड़ियों ने बीच में आकर स्थिति संभाली।




खेल करीब 4 मिनट तक रुका रहा। स्टीमाक को फील्ड से दूर ले जाया गया और रेफरी ने उन्हें रेड कार्ड दिखाया। स्टीमाक को अब भारत के अगले मैच में स्टेडियम से बाहर रहने की सजा दी गई।

बुधवार शाम 7:30 बजे बेंगलुरु के कांतीरावा स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान की टीमें ग्रुप-ए का मुकाबला खेलने उतरी थीं। यहां हाफ टाइम के ठीक पहले 15 मिनट के अंदर ही भारत ने 2 गोल की बढ़त बना ली थी। 45वें मिनट में पाकिस्तानी खिलाड़ी हाफ लाइन से टीम इंडिया के गोल पोस्ट की ओर बॉल लेकर दौड़ा। भारतीय खिलाड़ी उनके सामने आया और बॉल खिलाड़ी से लगकर आउट-लाइन के बाहर चली गई।

पाकिस्तान प्लेयर को लगा कि बॉल भारतीय खिलाड़ी के पैर से लग कर बाहर गई है, इसीलिए उसने थ्रो-इन करने के लिए बॉल को जल्दी से उठा लिया। तभी नजदीक खड़े टीम इंडिया के हेड कोच इगोर स्टीमाक पाकिस्तानी खिलाड़ी के हाथ से फुटबॉल नीचे गिरा दी। कोच के बीच में आने पर फील्ड पर मौजूद सभी पाकिस्तान प्लेयर्स स्टीमाक की ओर दौड़ पड़े, तभी भारतीय खिलाड़ी और रेफरी बीच में आ गए।

## रोनाल्डो ने रचा इतिहास, 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले फुटबॉलर

**नई दिल्ली** । आज यूईएफए यूरो क्वालिफाइंग में पुर्तगाल और आइसलैंड के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमे क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक मात्र गोल दागा। पुर्तगाल ने आइसलैंड को 1-0 से मात दी। मैच जब शुरू हुआ तो रोनाल्डो को फूलों का गुलदस्ता देकर उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी गई। जैसे ही वह मैदान पर खेलने उतरे, उन्होंने फुटबॉल जगत में इतिहास रच दिया। दरअसल क्रिस्टियानो रोनाल्डो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 200 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो यूरो 2024 के क्वालिफाइंग मैच में आइसलैंड के खिलाफ इस मौके को खास भी बनाया।



38 वर्षीय रोनाल्डो ने डेब्यू करीब 20 साल बाद पुर्तगाल के लिए 200 मैच पूरे कर लिए। उन्हें इस उपलब्धि पर आइसलैंड के खिलाफ मैच से पहले सम्मानित भी किया गया। रोनाल्डो का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। ग्रुप जे में रोनाल्डो ने पुर्तगाल को चौथी जीत दिलाई। टीम चार मैच में चार जीत हासिल कर चुकी है। रोनाल्डो के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब 123 गोल हो गए हैं। रोनाल्डो ने 200 मैच खेलने के बाद यूईएफए (श्र्न्न) के वेबसाइट के हवाले से कहा, मैं बहुत खुश हूं। यह उस तरह का क्षण है जिसकी आप कभी उम्मीद नहीं करते हैं। 200 अंतरराष्ट्रीय मैच मेरे लिए अविश्वसनीय उपलब्धि है। रोनाल्डो सहित उनकी टीम ने मैच में कई मौके गंवाए, लेकिन अंत में पुर्तगाल की टीम को सफलता मिल गई। रोनाल्डो ने इस मैच से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह यूरो कप 2024 के लिए तैयार हैं।

# राष्ट्रीय बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु किया गया शिविर का आयोजन

## बच्चों के समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें- डॉ. दिव्या गुप्ता

जोहार छत्तीसगढ़ – सूरजपुर।

भारत सरकार राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के द्वारा जिले के प्रतापपुर विकासखण्ड के बस स्टैण्ड के समीप सामूदायिक भवन में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खण्डपीठ के द्वारा बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में राष्ट्रीय बाल आयोग (एनसीपीसीआर) की सदस्य डॉ. दिव्या गुप्ता एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती आशा यादव उपस्थिति तथा उनकी खण्डपीठ के द्वारा विभिन्न विषयों पर सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

आयोग की सदस्य डॉ. दिव्या गुप्ता ने अपना परिचय देते हुए बताया कि माननीय नरेंद्र मोदी जी की विशेष पहल है कि हम सबको अब सुदूर ग्रामीण जनों तक के ब्लॉक (जनपद स्तर) तक जाना है। वो जगह जहां पर ऐसा लगता है, कि शायद सरकार की आवाज वहां तक नहीं पहुँच पा रही है। वहां तक पहुँचना है। उन्होंने शिविर में आये हितग्राहियों से कहा कि आपकी जो भी समस्या हो, आप अपनी समस्याओं के बारे में मन से जो कहना चाहते है कहो आप अपनी बातों को किस तरह प्रधानमंत्री तक पहुँचाना चाहते है। मैं उनका प्रतिनिधि बनकर आप सबके पास आयी हूँ। क्योंकि बहुत आवश्यक है कि हम सरकार की तरफ से, शासन प्रशासन की तरफ से, हम बच्चों के समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर उनके लिए काम करेंगे तो ही संभव है कि जिसे हम न्यू इंडिया या नया भारत कहते है। उसको आगे लेकर जा सकते है।

आज प्रतापपुर में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की सदस्य डॉ दिव्या गुप्ता द्वारा बालकों के अधिकार के उल्लंघन के शिकायत निवारण हेतु शिविर लगाकर उनका निवारण किया गया। जिसमें विकलांगता सर्टिफिकेट एवं पेंशन से संबंधित 188 प्रकरण आधार कार्ड बनाने को लेकर 78 और जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित 127 प्रकरण दर्ज किये गये। शिविर में आये समस्यों को डॉ. दिव्या गुप्ता ने विभागवार जानकारी संकलन करने के निर्देश दिये। शासन के विभिन्न विभागों के द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं तथा आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, इसके अलावा छात्रावास में एडमिशन, जाति प्रमाण पत्र, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रकरण भी दर्ज की गई साथ ही तीन स्कूल की छात्राएं सेनेटरी पैड बैंडिंग की मशीन लगाने हेतु आवेदन एनसीपीसीआर के सदस्य को दिया गया। कुल प्रकरण 480 से अधिक प्राप्त हुआ, जिनमें से 350 से अधिक प्रकरणों का निराकरण मौके पर किया गया। इस कार्य को पूरा करने में सूरजपुर के स्वयंसेवी संगठन युवा साथी फाउंडेशन, प्रतापपुर के सरगुजा साइंस, ग्रुप के साथी पैरा लीगल वालंटियर, शिक्षा विभाग के टीचर्स, स्वास्थ्य विभाग के वालंटियर, पंचायत विभाग के कर्मचार, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,आईसीपीएस के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



शिविर समापन के दौरान डॉ. दिव्या गुप्ता एवं श्रीमती आशा यादव को कलेक्टर द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान सम्मानित किया गया। डॉ. दिव्या गुप्ता ने इस दौरान हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र वितरण किया।

शिविर में कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक आई कल्याण ऐलिसेला, जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम सहित शिविर से संबंधित समस्त जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर दिव्यांगों का सामग्री प्रदाय किया गया-

शिविर प्रारम्भ होने से पूर्व सभी अतिथियों ने जिला प्रशासन द्वारा लगाये स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को पुस्तक, व्हील चेयर, कान की मषीन, पढ़ने के लिए कॉपी पुस्तक आदि सामग्री प्रदान किया गया। स्टालों के निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य ने स्टालों से दिये जाने वाले सुविधाओं के बारे में जाना तथा लोगों को इससे क्या लाभ होगा उसके बारे में बताने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जेनेरिक दवाइयों के प्रचार - प्रसार को बढ़ावा देने कहा। जिससे गरीब लोगों को अधिक लाभ दिया जा सके। उद्यान विभाग की ओर से डॉ. दिव्या गुप्ता को आंवला, गुलाब जामुन के पौधे दिये गये।

### पालक बच्चों को पढ़ाये और उनका भविष्य उज्जवल बनायें-

*आवेदन लेकर आये आवेदक पालक रामेश्वर ग्राम खेरमा कैराडांड निवासी ने विक्की, कक्षा 8 वीं विकास कक्षा 5 वीं एवं विवके कक्षा 6 वीं जिनके पिता उमेश है। जिनकी माता जी नहीं है। उनकी समस्या सुन आयोग की सदस्य ने शिक्षा विभाग एवं ट्राइबल विभाग को इनके पढ़ने- लिखने के छात्रावास तथा छात्रवृत्ति मुहैया कराने के निर्देष देते हुए कहा कि जिन बच्चों के माता-पिता नहीं है। उन बच्चों को पालक बच्चों को अवश्य पढ़ाये और उनका भविष्य उज्जवल बनाने में सहयोगी बने।*

## एक नजर

### राशन कार्ड का ई-केवायसी सत्यापन अब 31 जुलाई तक

**कोण्डागांव।** भारत शासन के निर्देशानुसार एक राष्ट एक राशनकार्ड योजनांतर्गत राज्य के सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी ई-पॉस उपकरण के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसके लिए लगातार किये जा रहे ई-केवायसी सत्यापन एवं आधार सीडिंग कार्य को आगे बढ़ाते हुए समय सीमा में वृद्धि की गई है। जिसके तहत अब सत्यापन का कार्य 31 जुलाई 2023 तक किया जा सकेगा। ई-केवायसी सत्यापन के दौरान खाद्यान्न वितरण निरन्तर जारी रहेगा। वह किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होगा।

### जिला एवं सत्र न्यायालय कोण्डागांव में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया योगाभ्यास

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री उत्तरा कुमार कश्यप सहित अन्य न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालिंटियर्स ने इस योगाभ्याास में भाग लिया। इस दौरान जिला न्यायाधीश श्री कश्यप ने मानव जीवन में योग के महत्व को बताते हुये योग के माध्यम से सभी को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। योग शिक्षक लखन लाल पटेल के द्वारा विभिन्न आसनों के योगाभ्यास कराये गये।

### कलेक्टर ने टेली मेडिसिन सेवाओं का किया प्रायोगिक परीक्षण

#### बकावण्ड और करपावण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बुधवार को बकावण्ड विकासखण्ड के स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए बकावण्ड और करपावण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। करपावण्ड में टेली मेडिसिन सेवाओं का कलेक्टर ने प्रायोगिक परीक्षण किया। उन्होंने मरीज के रूप में जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे का पूरा विवरण टेली मेडिसिन की एप्प में डालकर बकावण्ड के चिकित्सकों से उपचार हेतु लॉगइन किए। संबंधित डॉक्टर से बीमारियों के लिए दी जा रही सेवाओं का मोबाईल से सम्पर्क कर इलाज व बीमारियों के लक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बकावण्ड और करपावण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कक्ष, बाह्य रोगी कक्ष, दवाईयों की उपलब्धता और पोषण पुर्नवास केन्द्र का निरीक्षण किया। बकावण्ड के एनआरसी में भर्ती बच्चों की स्वास्थ्य सुविधा और उनके भोजन हेतु दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पोषण पुर्नवास केन्द्र में आने वाली माताओं को दी जानी वाली सहायता राशि, उपचार उपरांत बच्चों के फालोअप करवाने के संबंध में भी चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती बच्ची अंगिका के ठीक से खड़े नहीं होने की समस्या का निराकरण हेतु आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए। एनआरसी में भर्ती सभी बच्चों को बिस्कीट का वितरण भी किए।

### 3 टन प्रतिबंधित थाई मांगूर मछली को किया गया नष्ट

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 पर फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सारबेड़ा के समीप मछली से भरी ट्रक क्रमांक AP 09 TA 3754 खराब हो गई थी जिसे दूसरे वाहन क्रमांक AP 39 UK 6577 में लोड करते वक्त मुखबिर ने विभाग को सुचना दी, मत्स्य, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच में पाया गया की प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का परिवहन किया जा था । विभाग के द्वारा पूछताछ करने पर पता चला की प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का आंध्रप्रदेश (काकीनाडा) से उत्तरप्रदेश ले जाई जा रही थी । मत्स्य, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ट्रक में रखी प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को गढ़ा खोदकर नष्ट किया गया । सहायक मत्स्य अधिकारी मीनाक्षी मरकाम से मिली जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण भारत में वर्ष 2000 से थाई मांगूर मछली का उत्पादन और परिवहन पर बैन है ।


# आपरेशन मुस्कान के तहत बेमेतरा पुलिस ने गुम/अपहृता (बालिका) को पूणे महाराष्ट्र से दस्तयाब कर किया बरामद

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाला युवक बेमेतरा पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

प्रार्थी ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी नाबालिक लडकी उम्र करीबन 17 साल को नाबालिक होना एवं अनुसूचित जाति का होना जानते हुए बहला फुसलाकर भगा ले जाने कि रिपार्ट पर अपराध सदर धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस टीम ने नाबालिक गुम/अपहृता (बालिका) को दिनांक 19.06.2023 को *दीगर प्रांत पूणे महाराष्ट्र से दस्तयाब कर बरामद किया गया है।प्रकरण में आरोपी कुलेश्वर साहू द्वारा पीडिता को नाबालिक होना एवं अनुसूचित जाति का होना जानते हुए भी बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगाकर पूणे महाराष्ट्र ले जाकर इसके इच्छा के विरूद्ध लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया।



प्रकरण में धारा 366,376, 376 (2)एन, भादवि, 4,6 पाक्सो एक्ट, 3(2)(1), SC/ST एक्ट का अपराध पाये जाने से प्रकरण में जोडी गई। आरोपी कुलेश्वर साहू को दिनांक 21.06.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि रेशमलाल भास्कर, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, रामेश्वर मांडले, अवधेश सिंह, आरक्षक संतोष साहू, महिला आरक्षक अमरिका पटेल व एसडीओपी कार्यालय से आरक्षक पुकेश्वर दिल्लीवार, तुषार पाटिल एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# अल्पसंख्यक कल्याण के लिए जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक संपन्न



जोहार छत्तीसगढ़ – सूरजपुर।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं प्रधानमंत्री के नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण संबंधी योजनाओं शिक्षा, रोजगार, आर्थिक क्रियाकलाप, तथा जीवन स्तर की दशा में सुधार पर संबंधित विभाग द्वारा एजेंडावार जानकारी प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने विभागीय अधिकारियों को बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण है सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलजुल कर प्रेम पूर्वक रहना है, जिससे जिले में भाईचारा एवं सौहार्द की भावना बनी रहे। उन्होंने उपस्थित जनों को किसी भी प्रकार के समस्या को अवगत कराने कहा जिससे कि समन्वय बनाकर निराकरण किया जा सके। बैठक के समिति के सदस्य, संबंधित विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

**बालोद-रायपुर** । गोधन न्याय योजना के कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के साथ ही एक नोडल अधिकारी को जिला पंचायत की सीईओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने जिले के बालोद विकासखण्ड के बरही क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं बरही तथा सांकरा गौठान के नोडल अधिकारी हर्ष कुमार सोनकर को राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के कार्य में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार डॉ. श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत बरही के आश्रित ग्राम काण्डे के पशुपालकों का गोधन न्याय योजना में पंजीयन एवं गोबर खरीदी नहीं होने तथा 19 जून को 05 पशुपालकों का पंजीयन कर गोबर खरीदी किए बिना 70 किलोग्राम गोबर खरीदी की एंट्री ऑनलाईन पोर्टल में की गई है।

# कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद हेतु की अपील

## रेड क्रॉस सोसायटी की भी ली सदस्यता

**कोंडागांव।** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कोण्डागांव जिले में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में टीबी हारेगा - देश जीतेगा के नारे को सार्थक करते हुये टीबी मुक्त भारत की ओर कदम बढ़ाते हुये जिले में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने निक्षय मित्र के रूप में सहायता राशि प्रदान करने के साथ रेड क्रॉस सोसायटी की भी सदस्यता ग्रहण की। इस अभियान के तहत टीबी मरीजों को खोजकर मरीजों का उपचार प्रारंभ कर टीबी के मरीजों को जनसहयोग से निःशुल्क पोषण आहार का वितरण किया जा रहा है। जिसके लिए शासन के निर्देशानुसार टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कोई भी इच्छुक व्यक्ति ऑनलाईन लागिन कर निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीयन कराकर टीबी के मरीजों को पोषण आहार प्रदान करने हेतु सहयोग दे सकते हैं।



जिसके अंतर्गत तीन किलो अनाज, डेढ़ किलो दाल, एक किलो मूंगफल्ली या दूध पावडर एवं खाने का तेल दिया जाएगा। उनके उपचार अवधि न्यूनतम 06 माह तक प्रदाय कर निक्षय मित्र बन सकते हैं।

इसके तहत कलेक्टर श्री सोनी ने भी 3600 रुपये सहयोग राशि निक्षय मित्र के रूप में तथा 100 रुपये रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य बनने हेतु प्रदान किये और लोगों से अपील की है कि वे भी देश को टीबी मुक्त बनने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में निक्षय मित्र बन कर सहयोग दे सकते हैं। सभी को इस महान कार्य में जुड़ कर सहयोग देना चाहिए

# घर से जा रहा था युवक ड्यूटी करने कलेक्टर बंगला

## अज्ञात वाहन मारी ठोकर युवक की मौके में हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़ – सूरजपुर।

बीती रात सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसा नगर सीमा से लगे ग्राम नेवरा रेल्वे ब्रिज के पास हुई है। मृतक संविदा कर्मी था और कलेक्टर बंगला में कुक का काम करता था। मिली जानकारी के मुताबिक भैयाथान क्षेत्र के ग्राम कुसमुसी का 26 वर्षीय जलिन्दर पैकरा प्रतिदिन की भांति बुधवार की देर शाम अपनी बाईक क्र सीजी 29 ए 6011 से ड्यूटी के लिए कलेक्टर बंगला जाने के लिए निकला था। इसी दौरान ग्राम नेवरा के समीप स्थित रेल्वे ओव्हर ब्रिज के पास विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन चालक ने बाईक सवार को ठोकर मार दिया। जिससे बाईक सवार युवक जलिन्दर की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना पर तत्काल मौके पर कोतवाली पुलिस परिजन व सूरजपुर से अन्य कर्मचारी पहुंचे। जिन्होंने मृतक के शव को जिला अस्पताल भेजवाया। इधर कलेक्टर संजय अग्रवाल भी घटना की सूचना पर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे और अस्पताल में फैली अव्यवस्था को देख जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रबंधन को जमकर फटकार भी लगाया। मृतक के पिता शिवरतन पैकरा भी लोक निर्माण विभाग में संविदा कर्मी है। उनके दो पुत्रों में जलिन्दर छोटा था। जबकि बड़े पुत्र की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। जलिन्दर का विवाह दो वर्ष पूर्व हुआ था जिसके ऊपर घर की जिम्मेदारी थी। सड़क हादसे में उसकी मौत से परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है और सभी सदमे है। कलेक्टर श्री अग्रवाल सहित लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने मृतक के परिजनों को तत्कालीक सहायता राशि उपलब्ध कराई है। वहीं कलेक्टर ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया है। वहीं गुरुवार को गमगीन माहौल में मृतक के गांव कुसमुसी में अंतिम संस्कार किया गया।



# डभरा में हुई किसान चौपाल का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़ – सक्ती।

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के डभरा मंडल में गुरुवार 22 जून को किसान चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए सिन्हा जी ने प्रदेश सरकार को कोसते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि बिजली बिल हाफ योजना के तहत बिजली ही हाफ कर दिए, किसानों के साथ छल कर उनको परेशान किया जा रहा है, किसान विरोधी सरकार, भ्रष्ट सरकार है किसानों को उनके सिंचाई योजनाओं को पूरा नहीं कर रही है जो भी विकास हुए पूर्व के भाजपा सरकार ने किए, भूपेश बघेल के भेट मुलाकात के कार्यक्रम को विफल बताते हुए उनके द्वारा किए कोई भी घोषणा पूरा नहीं किए केवल खोखली घोषणा करने वाली सरकार बताए, इनके महत्वकांक्षी योजना नरवा, घुरवा, बारी पूरी तरह घोटाला का योजना है,




केन्द्र सरकार के उपलब्धि को बताते हुए कहा की मोदी सरकार धान के समर्थन मूल्य लगातार बढ़ा रही है और केंद्र द्वारा धान के लिए पिछले चार साल में 51 हजार करोड़ रुपए दिए जबकि राज्य सरकार मात्र 11 हजार रुपए दिए है, किसान चौपाल को संबोधित करने वाले मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री नेतराम चंद्रा, भाजयुमो उपाध्यक्ष खेमेंद्र नायक, महामंत्री रवि पटेल, डभरा के पूर्व अध्यक्ष युवराज चंद्रा, महामंत्री सोम चंद्रा, भाजयुमो डभरा महामंत्री मनोज पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक साहू अनेक कार्यकर्ताओं ने किया , कार्यक्रम का संचालन सोशल मीडिया के सह संयोजक दिनेश बरेठ ने किया, कार्यक्राम प्रमुख रूप से डभरा मंडल के अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल, कोटमी मंडल के अध्यक्ष भूपेन्द्र शंकर पटेल, किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुरेश चंद्रा, वीरेंद्र चंद्रा, शैलेंद्र बंजारे, मनी राम कुर्रे, प्रदीप चंद्रा, लक्ष्मी प्रसाद साहू, निलेश सिदार, डैनी वैष्णव, दुष्यंत चंद्रा, टेकलाल साहू, तुलसी मैत्री, विकास जयसवाल , रिंकू भैना, खगेश्वर महंत सहित अनेक कार्यकर्ता और किसान उपस्थित थे।

# सक्ती विधानसभा में भाजपा से ओपी चौधरी या चन्द्रा दोनों में से कोई एक हो सकता है प्रत्याशी

जोहार छत्तीसगढ़ – सक्ती।

जिला मुख्यालय की सीटें होने के कारण हाट सीटें मे इसका नाम आता है जिसका मुख्य कारण विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत विधायक हैं। इसलिए भाजपा इस बार इस सीट को खोना नहीं चाहती हैं।रात दिन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जा रही है।

लेकिन सक्ती में भाजपा को चुनौती अपने लोगों से मिल रही हैं।जो एक दूसरे के पैर खींचने में लगे हुए हैं। आम नागरिकों में यह चर्चा का विषय है। ऐसे में कैसे नैया पार होगी। आगामी विधानसभा चुनाव के मदेनजर इस बार भाजपा में दाबेदारी को लेकर पुराने चेहरों के साथ कुछ नए चेहरे उत्सुक बताएं जा रहे हैं कई भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों में नए चेहरे को अवसर दिए जाने के लेकर उम्मीद है। यदि ऐसा होता है तो पूर्व मंत्री, मेघाराम साहू अपने परिवार के सदस्य को टिकट दिलाना चाहते हैं। क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू भी टिकट के स्वाभाविक दावेदार है साहू समाज जिला अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री।जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल भाजपा में जिला महामंत्री किसान नेता प्रीतम




गवेल के भतीजे , प्रीतम टैक्टर से क्षेत्र में पहचान बनाने है उनकी भी स्वाभाविक दावेदारी बनती हैं। कृष्ण कुमार गबेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पूर्व सरपंच देवरी भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिद्धार आदिवासी समाज से आती है। आदिवासी समाज के वोटरों की संख्या भी अधिक है। लेकिन सामान्य सीट होने के कारण आदिवासी चेहरा को मौका मिलता है। तो अच्छी दावेदार मे है।राठौर समाज भी कुछ प्रमुख नाम आये जिसमें जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा जिला मंत्री सुश्री अन्नपूर्णा राठौर पेशेमे में वकील है यह भी टिकट धारियों में गिनी जाती है। पोरथा से दो बार जनपद पंचायत सदस्य भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष, सभापति श्रीमती मधु प्रदीप राठौर के ससुर स्व. धनेश्वर राठौर पूर्व में दो बार के भाजपा प्रत्याशी रह चुके हैं राजा सुरेंद्र बहादुर के खिलाफ चुनाव लड़ें थे।उनकी बेटा बहूं भी अपनी दावेदारी कर रही है। मरार पटेल समाज प्रदेश अध्यक्ष सक्ती ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम लाल पटेल भी दाबेदारी में शामिल हैं यादव समाज से श्री भुवन भास्कर यादव जिला मंत्री उनकी यादव समाज में अच्छी पकड़ है संगठन के बढ़ाने में हमेशा लगे रहते हैं नए चेहरा राम नरेश सिंह यादव जिला कोषाध्यक्ष पूर्व में मंडल महामंत्री रह चुके हैं। संगठन कार्य में लगातार सक्रिय लगे रहते हैं सभी को साथ लेकर चलते हैं शिक्षा के क्षेत्र में 22 वर्षों से जुड़े हुए हैं। क्षेत्र में हजारों छात्र उनके पढाऐ हुए नौकरी कर रहे हैं पत्रकार भी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सक्ती विधानसभा में ज्यादा प्रत्यासी होने पर प्रदेश नेतृत्व यहां से पूर्व कलेक्टर प्रदेश महामंत्री ओ पी चौधरी को भी प्रत्यासी बनाया जा सकता है।उनकी दाबेदारी प्रबल बताई जा रही है या फिर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा को भी प्रत्यासी बनाया जा सकता है। यहां के स्थाई नेताओं में आपसी सामंजस्य स्थापित नही होने पर प्रदेश नेतृत्व इन दोनों में से किसी एक को मैदान में उतार सकता है। दोनों प्रत्यासी कांग्रेस को टक्कर देने में धन बल से मजबूत प्रत्यासी बताए जा रहे है । पाटी इन दोनों नाम पर बिचार कर सकतीं हैं।

## एक नजर

### जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं एसपी ने लोगों के साथ मिलकर किया योगाभ्यास

#### सामुदायिक भवन में 200 से अधिक लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास




**कोण्डागांव।** बुधवार को कोण्डागांव जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामुहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने लोगों के साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। इस अवसर पर योग आयोग के मास्टर ट्रेनरों शिवचरण साहू, योगेश्वर साहू, हरिता पाण्डे, सोनल पटेल द्वारा योगाभ्यास कराते हुए विभिन्न योग, आसनों एवं प्राणायाम के संबंध में लोगों को जानकारी देते हुए प्रदर्शन के माध्यम से सभी को योग कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी बधाई देते हुए कहा कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन एवं स्वस्थ मन एवं निरोगी काया से जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। इसके लिए हम सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास को अपने जीवन में ढालना चाहिए। कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि योग हमारे तन और मन को स्वस्थ बनाने के साथ हमें आगे बढ़ने और समाज तथा राष्ट्र के लिए बेहतर कार्य हेतु प्रेरित करता है। हम सभी को हमारे पूर्वजों की विरासत के रूप में प्राप्त योग को अपने जीवन में उतारकर नियमित रूप से योग करना चाहिए।

### टीपी नगर घटनास्थल पहुंचीं सांसद

#### अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना कुशलक्षेम

**कोरबा** ।कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इंदिरा कॉमर्शियल काम्पलेक्स में लगी भीषण आग से नुकसान हुए घटनास्थल पहुँचकर प्रभावित व्यवसायी प्रेम चंद जैन, भूपेंद्र सिंग गांधी, प्रकाश पाहूजा, वीरू बजाज सहित अन्य व्यवसायियों से मिलकर अग्निदुर्घटना में हुए जान और माल के नुकसान के लिए गहरा दुरूख प्रकट करते हुए कहा कि इतना वृहद आगजनी की घटना ने मन को झकझोर कर रख दिया है। नुकसान की भरपाई कर पाना बेहद मुश्किल हैं, बावजूद शासन स्तर पर हर सम्भव सहयोग के प्रयास किए जाएंगे।

घटनास्थल से मुआयना के बाद सांसद ने भीषण अग्निकांड में बुरी तरह घायल हुए प्रभावित जनों से न्यू कोरबा हॉस्पिटल, स्वेता नर्सिंग होम पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों का कुशलक्षेम जाना एवं उनके बेहतर स्वास्थ लाभ की कामना की। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.शोभराज चंदानी,डॉ् प्रिंस जैन से मुलाकात कर हर संभव सहयोग करने को कहा। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, श्रीमती उषा तिवारी, किरण चौरसिया, रूपा मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, लालबाबू ठाकुर के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्याय पाने ग्रामीण करेगा आमरण अनशन

### एक जुलाई से कलेक्टोरेट के सामने शुरू करेगा आंदोलन

**कोरबा** ।करतला तहसील के ग्राम बरपाली में निवासरत रामदास वैष्णव प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों के क्रियाकलाप से क्षुब्ध हो चुका है। बार–बार शिकायत के बाद भी न्याय नहीं मिलने से परेशान ग्रामीण ने अब एक जुलाई से कलेक्टोरेट के सामने आमरण अनशन की चेतावनी दी है। इस संबंध में पीड़ित रामदास ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम कलेक्टोरेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, निगम आयुक्त, एसडीएम सहित राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग से शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि वह ग्राम बरपाली पटवारी हल्का नंबर 6 का निवासी है। उसके हक की भूमि खसरा नंबर 144/32 और 694/2 कुल रकबा 0.083 एकड़ को अन्य लोगों ने हड़प लिया है, जिसे वापस पाने वह अधिकारियों से गुहार लगा.लगाकर थक चुका है। 2016 से प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों से गुहार लगा रहा है। इसके बाद भी अधिकारी भूमि पर उसका अधिकार नहीं दिला पाए। उसने आरोप लगाया है कि उल्टे जमीन हड़पने वाले लोगों की सहायता अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जिसे क्षुब्ध होकर उसने अब आमरण अनशन कर अपनी ईहलीला समाप्त करने की चेतावनी दी है।

### कटघोरा विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन संपन्न

**कोरबा** ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्र आयोजन आयोजित कर केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाने का काम कर रही है । इसी कार्यक्रम के तहत कटघोरा विधानसभा के छुरी में विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया।

शिक्षक कल्याण संघ जिलाध्यक्ष बोले–

## शिक्षक भर्ती में बोनस अंक नहीं नियमित नियुक्ति दे सरकार

जोहार छत्तीसगढ़ – सूरजपुर।

छत्तीसगढ़ में शिक्षक भर्ती 2023 में अतिथि शिक्षकों को 2 अंक बोनस दिया जा रहा है जो मंजूर नहीं है। छग में जब भाजपा की रमन सरकार थी, तब प्रदेश के विद्यामितान (अतिथि शिक्षक) नियमितीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में चले गए थे, तब तत्कालीन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल ने चुनाव के पहले 2018 में वादा किया था, प्रदेश में कांग्रेस सरकार आते ही अतिथि शिक्षकों का नियमितिकरण किया जाएगा। हाथ में गंगाजल लेकर नियमितीकरण



करने का कसम खाने वाली भूपेश सरकार सत्ता में आते ही सभी वादे भूल गई। यह बातें विद्यामितान अतिथि शिक्षक कल्याण संघ सूरजपुर जिलाध्यक्ष त्रिभुवन साहू ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते वक्त कहीं , उन्होंने यह भी कहा कि व्याख्याता के पद पर पिछले 7 वर्षों से अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। अनेक शिक्षक नक्सल क्षेत्र में कार्यरत हैं। बस्तर में अनेक ऐसे विद्यालय हैं जहां केवल अतिथि शिक्षकों के भरोसे स्कूल का संचालन हो रहा है। उन्होंने बताया कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी अपने जीवन में पद्दोन्नति की आस लिए रहता है, किन्तु हम अतिथि शिक्षकों को पदोन्नत के बदले डिमोशन किया जा रहा है यह न्याय नहीं है। ज्ञापन सौंपने वालों में त्रिभुवन साहू पुजा ठाकुर, राज यादव इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## 31 जुलाई तक करा सकते हैं राशनकार्ड में ई–केवाईसी

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

शासन के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनांतर्गत जिले के सभी राशनकार्ड हितग्राहियों का ई–केवाईसी ई–पॉस उपकरण के जरिए किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में प्रचलित 258249 राशनकार्डों के 920395 सदस्यों के विरूद्ध 563051 सदस्यों का ई–केवाईसी किया गया है, जिसमें से 464126 सदस्यों का ई–केवाईसी में सत्यापन की कार्यवाही लंबित है एवं 97843 सदस्यों का सत्यापन हो चुका है। शासन द्वारा ई–केवायसी हेतु अंतिम तिथि 30 जून




2023 निर्धारित की गई थी, जिसमें राशनकार्डधारियों की सुविधा एवं हितों को ध्यान में रखते हुए ई–केवायसी की समय–सीमा में 31 जुलाई 2023 तक वृद्धि की गई है। ई–केवायसी के दौरान खाद्यान्न वितरण निरंतर जारी रहेगा। ई–केवायसी करवाने के लिए हितग्राही अपने निकटतम उचित मूल्य की दुकान अथवा जिले की किसी भी उचित मूल्य की दुकान में आधार नंबर व राशनकार्ड नंबर के साथ उपस्थित होकर ई–पॉस उपकरण के माध्यम से करा सकते हैं। ई–केवायसी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अतः ई–केवायसी हेतु किसी भी उचित मूल्य दुकान संचालक/विक्रेता द्वारा राशि लिया जाना अथवा मांग किया जाना दंडनीय अपराध है। शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। शासन द्वारा राशनकार्ड में ई–केवाईसी करने की समय–सीमा में 31 जुलाई 2023 तक की वृद्धि की गई है। जिन हितग्राहियों का ई–केवाईसी नहीं हुआ है वे अपने समीपस्थ उचित मूल्य की दुकान में उपस्थित होकर ई–केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण करा लेवें।

## पुरस्कृत होकर मेधावियों छात्र- छात्राओं के चेहरे खिल उठे

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत बहेरा(कु) में विद्यापीठ फेज 01 द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ किए इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए,आपको लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रति दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की आवश्यकता है,सफलता के लिए अपने समय



का प्रबंधन करना जरूरी है, इसलिए यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो समय प्रबंधन कौशल सीखें,आप सतत प्रयास करते रहें तो सफलता अवश्य मिलती है,प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता है,ऐसे आयोजन करने से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है, साथ ही आने वाले पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है इस प्रकार के आयोजन से प्रतिस्पर्धा बढ़ती और प्रतिभा निखर कर सामने आती है लगातार प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है यह सम्मान विद्यार्थी के जीवन की शुरुआत है।

आगे कई मुकाम बाकी है,प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे(शिक्षक) को राष्ट्रिय गौरव संगीत समता पुरुस्कार से एवं भुवन जागडे का महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रिय पुरुस्कार दिल्ली से सम्मानित का का भी शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रांजल तिवारी, शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा ने भी सभा को संबोधित किया साथ ही मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,हरिश साहू ,भुवन जांगड़े, ईस्वरी घृतलहरे ,खेलावन ध्रुव सरपंच,धनेश साहू उपसरपंच,नीलेश वैष्णव सरपंच, श्यामलाल चतुर्वेदी,सालिकराम साहू पूर्व सरपंच, रामचरण मधुकर, बुटू निशाद, धंजा निशाद, जित्तू रात्रे,रामप्रसाद घृतलहरे, कृष्णा पात्रे,चंद्रिका कुर्रे, लेखू डहरिया, आत्मानद सारथी, उदेराम जांगड़े, लोमप्रकाश,रूपराम साहू, ठाकुर राम साहू, गंगातीरतथ,विजय चक्रधारी, देवप्रसाद, हीरक जांगड़े,अमर साहू, जागेश्वर साहू,कलाराम साहू,पुनितराम साहू, राजेंद्र पात्रे,रूपेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।

## चोरी करने की नियत से घर अंदर घुसने वाला तीन आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

प्रार्थी राकेश सारथी पिता मोहित सारथी उम्र 42 साल साकिन पदमी ने पुलिस चौकी देवरबीजा में लिखित आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21जून 2023 के रात्री को वह लोग अपने घर में सोये हुए थे तो रात्री मे तीन व्यक्ति घर के अंदर चोरी करने के नियत से घर अंदर आ गये थे नींद खुलने पर वे तीनो लोग घर से भागे तो गांव के लोगो ने इन लोगो को पकड़े है और नाम पता पूछने पर अपना–अपना नाम मोनू नट उम्र 20 साल, जीवन नट उम्र 22 साल दोनो साकिन कुसमी, मन्तोष नट उम्र 21 साल साकिन खुडमुडी थाना बेमेतरा का रहने वाला बताये है। फिर इस संबंध मे गांव के




कोटवार भजमन दास मानिकपुरी को बुलाकर बताये है ये लोग पकडे नही गये होते तो चोरी कर भाग जाते कि रिपोर्ट पर अप.क्रमांक 316/2023 धारा 457,34 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी एवं चौकी स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी मोनू नट, जीवन नट, मंतोष नट तीनो से पुछताछ करने पर पता चला की उक्त तीनो आरोपी पकडे नहीं जाते तो चोरी की अपराध की घटना अवश्य ही करते। आरोपीगण 1. मोनू नट पिता संतू नट उम्र 20 साल साकिन कुसमी, 2. जीवन नट पिता रामकुमार नट उम्र 22 साल साकिन कुसमी, 3. मंतोष नट पिता ओमप्रकाश ऊर्फ मंहगू नट उम्र 21 साल साकिनान खुडमुडी थाना व जिला बेमेतरा को दिनांक 21 जून 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, आरक्षक रमेश चंद्रवंशी, कैलास पाटिल एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

## गृह मंत्री अमित शाह ने बताया प्रदेश की जनता के वोट से देश मजबूत हुआः- ओपी

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा दुर्ग में आयोजित सभा में देश के गृह मंत्री अमित शाह के आगमन का लाइव विडियो सोशल मंच में जारी करते हुए प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा देश के गृह मंत्री अमित शाह जी न बताया छत्तीसगढ़ की जनता के वोटो से देश मजबूत हुआ है । केंद्र में बैठी मोदी सरकार यदि धारा 370 हटाने राम मंदिर बनाने तीन तलाक खत्म करने जैसे ठोस निर्णय इसलिए ले पा रही है कि छत्तीसगढ़ की जनता सहित देश की जनता ने भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। अपने सोशल मंच से ओपी चौधरी ने माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह



का छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की नगरी दुर्ग की पवन धरा में स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। हजारों लोगो की मौजूदगी में अमित शाह जी ने बताया मोदी सरकार ने नौ सालो में विकास और जनकल्याण की नयी गाथा लिखी है। इस दौरान अमित शाह जी ने प्रदेश की भूपेश सरकार की वादाखिलाफी की ओर भी जनता का ध्यान आकृष्ट किया द्य भूपेश बघेल की सरकार द्वारा किए गए घोटालों को जानकरी देते हुए उन्होंने बताया कि शराब घोटाला, कोयला परिवहन घोटाला, गरीब अन्न योजना में घोटाला, गौठान घोटाला किया गया। पब्लिक सर्विस कमीशन का घोटाला करते हुए लोगों से नौकरी के नाम पर पैसे वसूले गए। अमित शाह जी ने बताया कि पहले केंद्र में सोनिया–मनमोहन की 10 साल की सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया था। अब भूपेश सरकार उन्ही के पदचिन्हों पर चल रही है। कांग्रेस 70 सालो से राम का अपमान करती रही ।

*अमित शाह जी ने छत्तीसगढ़ वासियों से आह्वान करते हुए कहा राज्य में भाजपा की सरकार एवम केंद्र में मोदी की सरकार बनाए। ओपी ने अमित शाह जी के पद्मश्री उषा बारले के घर जाकर उनसे व उनके परिवार से मुलाकात की जानकारी भी साझा की । संबोधन के दौरान अमित शाह जी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि यहां उपस्थित विशाल जनता को छत्तीसगढ़ के मंत्री देख कर यह भली भांति समझ ले कि भूपेश सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।*

# सड़क पर उतरे देवरी पाली जलाशय प्रभावित क्षेत्र के लोग

## अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़ – सक्ती।

देवरी – पाली जलाशय के मरम्मत कार्य के संबंध में क्षेत्रवासी सड़क पर उतरे और आंदोलन किया। प्रशासन के लिखित आश्वासन देने के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया।



जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर सिंह गबेल के नेतृत्व में सैकड़ों जलाशय प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने तपती दोपहरी में नेशनल हाईवे पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। जिले के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत देवरी में स्थित देवरी पाली जलाशय के गेट के पास का हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके मरम्मत के लिए लगातार ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर एवं सिंचाई विभाग के कर्मचारियों से मरम्मत कार्य कराने हेतु कई बार आवेदन निवेदन किया जा चुका है, जिस पर आज पर्यंत किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से प्रभावित क्षेत्रवासियों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। 21 जून को चक्का जाम ग्राम सुवाडेरा में किया जाना था जिस पर प्रशासन के द्वारा सार्थक पहल करने की बात कही गई है। इसके बाद बतौर धरना प्रदर्शन लोगों के द्वारा किया गया। जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर सिंह गबेल ने बताया कि जलाशय प्रभावित क्षेत्र के लोगों की मांग है कि देवरी पाली जलाशय की मरम्मत हेतु शासन से मांग की गई है जिसका आगामी बजट में शामिल कराने विभाग द्वारा सार्थक प्रयास किया जाएगा। साथ ही इस वर्ष किसी भी प्रकार की जनधन की हानि ना हो इसके लिए गेट के पास का हिस्सा वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर ठीक किया जाए तथा आने वाले वर्ष के बरसात मौसम से पहले इसका संपूर्ण मरम्मत कार्य कराया जावे। ज्ञापन में लिखा गया है कि खोलियामुडा जलाशय का गेट भी क्षतिग्रस्त हो चुका है उसका सुधार कार्य कराने का सार्थक प्रयास किया जावे। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022 – 23 में सीसी लाइनिंग एवं नहर मरम्मत की सूचना जांच कर जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार के ऊपर उचित कार्यवाही की जावे। जिस पर प्रशासन ने भी लिखित आश्वासन देते हुए कहा है कि देवरी पाली जलाशय शीर्ष कार्य का मरम्मत हेतु शासन को 367.10 लाख का प्राक्कलन प्रेषित किया गया है। वर्ष 2021 22 में देवरी पाली जलाशय के लीकेज होने के कारण पानी का रिसाव ज्यादा था, जिसका 21 जून को टेंपरेरी मरम्मत करवा दिया गया है। जिससे पिछले वर्ष जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

### अधिकारियों का आश्वासन, बांध को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होगा

*जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता ने लिखित में आश्वाशन दिया है कि बांध को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होगा जैसे ही कार्य की स्वीकृति मिलेगी तत्काल कार्य को पक्का निर्माण करवा लिया जाएगा। इस लिखित आश्वासन के बाद ही प्रदर्शन समाप्त हो सका है। इस अवसर पर भाजपा के किसान नेता प्रीतम सिंह गबेल, भाजपा नेता प्रकाश साहू, अरुण शर्मा, अभिषेक शर्मा सहित देवरी पाली जलाशय प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।*

## एक नजर

### भाजपा नेता सुनील रामदास ने कुंवर भानु प्रताप सिंह को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



स्व. महाराजा चक्रधर सिंह के छोटे सुपुत्र कुंवर भानुप्रताप सिंह का गत दिनों चिकित्सा के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन पर भाजपा नेता व रामदास द्रौपदी फ़ाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने गहरा शोक व्यक्त करते हुएए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि कुंवर साहब एक व्यवहार कुशल एवं हँसमुख व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। उनका व्यवहार और मृदुभाषिता उनकी पहचान तो है ही, साथ ही वे अविभाजित मध्यप्रदेश में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। उनका जाना रागयढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है। किन्तु इस मृतलोक में नैसर्गिक आवागमन की प्रक्रिया एक अनुबंधन है। अत: इस रंगमच पर व्यक्ति की भूमिका ही अविस्मरणीय होती है। जो कि कई युगों तक साहित्यों के माध्यम से हस्तांतरित होते रहती है। ऐसे विराट व्यक्तित्व को मैं भाव से श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

### रेलवे कर्मी के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, नगदी, लाखों के गहने समेत उड़ा ले गए सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर

**बिलासपुर।** बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने तार बाहर थाना क्षेत्र के डीपू पारा में रहने वाले रेलवे कर्मी रवि शुक्ला के सूने मकान का ताला तोड़कर घर के भीतर रखे अलमारी से नगदी 20हजार रूपए, एक लैपटॉप एवं सोने–चांदी के गहनों समेत लगभग एक लाख रूपए के माल पर अपना हाथ साफ कर दिया। जाते जाते चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को छतिग्रस्त करते हुए उसका डीवीआर भी अपने साथ ले गए। सूचना पर घटनास्थल पहुंची तारबाहर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

### आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 25 जून को

**बलौदाबाजार।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा नवीन बालक एवं कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय में अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों का वर्ष 2023–24 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 जून 2023 रविवार को प्रात: 11 बजे से 1.30 बजे तक किया जाना है। इस संबंध में प्रवेश पत्र विभाग के वेबसाइट एचटीटीपी स्लेस एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन स्लेस पीआरएसएमएस स्लेस एडमिट डेस कार्ड डेस लॉगिन डेस प्रयास में अपलोड किया जा चुका है। उक्त अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

# महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही- मंत्री भेंड़िया



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया बुधवार को मोहला–मानपुर–अंबागढ़–चौकी जिले के जिला मुख्यालय मोहला में आयोजित शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में क्रियान्वयन, चुनौतियां एवं समाधान विषय पर आधारित कार्यशाला में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने बाल सरंक्षण, पोषण और बाल शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले सरपंचगणों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि नवगठित मोहला–मानपुर–अंबागढ़–चौकी जिला बनने से तेजी से विकास के कार्य हो रहे हैं। महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें गरीब और किसान के बच्चे भी पढ़ने जा रहे हैं। राज्य सरकार की अच्छी नीति के चलते अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कम आय वर्ग वाले लोगों के बच्चों के पढ़ने का सपना आज साकार

**श्रीमती भेंड़िया शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में क्रियान्वयन, चुनौतियां एवं समाधान विषय पर आधारित कार्यशाला में हुईं शामिल**

हो रहा है। समाज के लोग भी आगे आएं और बच्चों के कल्याण और संवर्धन में अपनी सहभागिता दें।

श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं संवर्धन के लगातार काम किया जा रहा है। बचपन को सुदृढ़ बनाकर बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में कार्य हो रहा है। महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक मजबूती देने के लिए विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बने और समाज में अग्रणी भूमिका निभाएं, इसके लिए राज्य सरकार संकल्पित है।



### मंत्री भेंड़िया ने वनांचल क्षेत्र ककईपार में हायर सेकेंडरी स्कूल का किया लोकार्पण



राज्य सरकार दूर–दराज के इलाकों के बच्चों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने बुधवार को मोहला–मानपुर–अंबागढ़–चौकी जिले के वनांचल क्षेत्र मोहला विकासखंड के ककईपार में हायर सेकेंडरी स्कूल का शुभारंभ किया। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को अपने मुख्य एजेंडा में शामिल करते हुए लगातार कार्य कर रही है। वनांचल क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सौगात मिलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने के नई ऊंचाइयां छूने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की अमूल्य धरोहर है। हम संकल्पित भावना के साथ बच्चों का भविष्य गढ़ने का काम कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि महिलाओं के पास हुनर की कोई कमी नहीं है, उन्हें केवल मंच और अवसर देने की जरूरत है। संसदीय सचिव व क्षेत्रीय विधायक श्री इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि मजबूत बचपन से बच्चे का पूरा भविष्य मजबूती के साथ आगे बढ़ता है। इसे समझते हुए बच्चों के स्वास्थ्य और विकास पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### गार्डन के पास खड़ी कार पार

**रायपुर ।** सांई गार्डन के पास टैगोर नगर में खड़ी नैनो कार को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवदत्त शर्मा 48 वर्ष ग्राम चिकलाकसा बालोद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी नैनो कार क्रमांक सीजी 07 एआर 2981 को टैगोरनगर स्थित सांई गार्डन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए कार की कीमत 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने दी अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी



**4 जुलाई से होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ**

**बलौदाबाजार ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य जीवन दीप कर्मचारी कल्याण महासंघ,अनियमित स्वास्थ्य डी एम एफ अधिकारी कर्मचारी संघ,सी एच ओ संघ द्वारा लंबित विभिन्न 24 सूत्रीय मांगो के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अनियमित दैनिक वेतन भोगी संविदा मानदेय पर कार्यरत 30–35 हजार से ऊपर अधिकारी – कर्मचारियों के नियमितीकरण 62 वर्ष ज्वाब सिक्युरिटी के सरकार के जनघोषणा पत्र के अनुसार 4 वर्ष से लंबित मांगों को लेकर संयुक्त आंदोलन 04 जुलाई से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य जीवन दीप कर्मचारी कल्याण महासंघ के जिला इकाई बलौदा बाजार के जिला संयोजक उमेश ध्रुव ने बताया कि आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रातांध्यक्ष आलोक मिश्रा के आहवान पर संघ के बैनर तले जीवन दीप/डी एम एफ/सी.एच.ओ संघ द्वारा प्रदेश के 33 जिला में संचालित मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त कैडर के नियमित, अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर, कलेक्टर दैनिक दर, मानदेय के जीवन दीप/डी.एम.एफ/सी.एच.ओ. के हजारों–लाखों अधिकारी/कर्मचारीयों द्वारा अपने 24 सूत्रीय मांगों को लेकर तथा सरकार के 4 वर्ष पश्चात भी आज पर्यन्त तक लंबित जनघोषणा पत्र के बिंदु क्रमांक 11 एवं 30 के अनुसार अपने विभिन्न मांग जैसे नियमितीकरण, स्थाईकरण, 62 वर्ष ज्वाब सिक्युरिटी, छंटनी किये गये कर्मचारीयों की वापसी, आउटसोर्सिंग पुर्णत समाप्त, को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने जा रहे है।

# उज्जवल यादव के एकादशकर्म में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल

## स्वर्गीय उज्जवल यादव के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी विनम्र श्रद्धांजलि



जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

पुसौर क्षेत्र के ग्राम कोसमन्दा निवासी अरुण यादवए सुमित यादव के पिता उज्जवल यादव का स्वर्गवास 12 जून 2023 को हो गया है। जिनका एकादशकर्म कार्यक्रम में पहुंचकर रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने स्वर्गीय उज्जवल यादव के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। शोक संतप्त परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दुख की घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत को परम शांति और मोक्ष प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय उज्जवल यादव का स्वभाव हंसमुख मिलनसार, धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्तित्व के धनी थे। ग्राम कोसमन्दा में आयोजित एकादशकर्म कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के साथ मोहित सतपथी उपाध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर, मुक्तेश्वर पंडा, श्याम लाल पटेल, अशोक गुप्ता, वनमाली गुप्ता, पुनीराम यादव, डिग्रीलाल चौहान, रमेश प्रधान पूर्व सरपंच कोसमन्दा, दयानंद गुप्ता, पुरुषोत्तम डनसेना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मानिकपुर तालाब से खुलेआम हो रहा मुरूम की अवैध उत्खनन

## आखिर क्यों नहीं करते जिम्मेदार अधिकारी अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मानिकपुर के तालाब से लाल मुरुम धड़ल्ले से उत्खनन कर खुलेआम निकाला जा रहा है जानकारी के अनुसार उनकी गहराई लगभग 8 से 9 फीट गहरा भी हो चुका है जिसमें कभी भी किसी प्रकार का घटना घट सकती है, लेकिन जेसीबी से उत्खनन करने वाले को ना ही माइनिंग विभाग का डर है ना ही राजस्व विभाग का डर है, जिसमें धड़ल्ले से तालाब में खनन कर खनिज विभाग व राजस्व विभाग कों कई लाखो रुपये का चुना लगाकर अपने मनमर्जी राज खुलेआम चलाया जा रहा है। जिसमें जेसीबी नंबर सीजी 25 ए 0130 और साथ में टैक्टर भी चल रहे थे। तो इसी दौरान हमारे रिपोर्टर ने खबर संगलन करने पहुंचा तो जेसीबी और टैक्टर को निकाल कर भागने लगा। लेकिन कई बार खनिज विभाग व राजस्व विभाग को अवैध उत्खनन मामला में अवगत कराने के लिए कभी फोन करने पर फोन नहीं उठाता है और उठाता है तो जांच का आश्वासन देते तो है जरूर है लेकिन जांच करने भी नहीं आते हैं। इनके चलते जेसीबी से उत्खनन करने वालों की हौसला बुलंद होते जा रहे हैं और सोचने व देखने वाले यह बात है की कभी भी किसी भी प्रकार का घटना घट सकती है। अब देखना यह होगा की खनिज विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारी क्या अपने सज्ञान में लेकर क्या कार्यवाही की जाती है। अब देखना होगा की आखिर खबर प्रकाशन के बाद कार्रवाई हो पाते है या नहीं। खबर अभी बाकी है अगले अंचलित में प्रकाशित की जाएगी ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in